सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 15 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 223, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 150 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 150 अंक चढ़ गया। } 14

## देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले नायकों को नमन

गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कहा कि यह देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले नायकों को नमन कर, याद करने का अवसर है। } 16

## स्वतंत्रता दिवस की बधाई



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का आदरपूर्वक स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य है।

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई : विराज सागर दास



बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन और समाजसेवी विराज सागर दास ने आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि भारत मां का सम्मान ही हर भारतीय का अभिमान है। स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर भारत मां को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराया और हमें आजादी पर गर्व करने व खुली हवा में सांस लेने का अवसर दिया है।

## ईडी के नये निदेशक बने राहुल नवीन



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यवाहक प्रमुख राहुल नवीन को बुधवार को जांच एजेंसी का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया गया। एक आदेश में इसकी जानकारी दी गयी है। कैबिनेट की नियुक्ति संबंधी समिति की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि आयकर संवर्ग में 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी नवीन की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नीट-एसएस की परीक्षा नहीं कराने संबंधी याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इस साल नीट-सुपर स्पेशियलिटी परीक्षा नहीं कराने के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी और कहा कि परीक्षा स्थगित करने का फैसला उचित तरीके से न्यायसंगत है और मनमाना नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि एनएमसी को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- सुपर स्पेशियलिटी (नीट-एसएस) का कार्यक्रम जल्द तय करना चाहिए जो अगले साल की शुरुआत में होगी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आज से 30 दिन की अवधि के भीतर कार्यक्रम घोषित किया जाएगा और इससे अधिक देरी नहीं की जाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। पीठ ने एनएमसी की इस दलील पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

15 अगस्त, गुरुवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त, शनिवार को प्रकाशित होगा।

–कार्यकारी सम्पादक



# खारिज की जानी चाहिए मतभेद को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियां : राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हम विश्व की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने भारत में कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करने का आह्वान भी किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग विश्व शांति और समृद्धि के विस्तार के लिए करना चाहता है। 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संदेश में राष्ट्रपति ने इस सफलता का श्रेय किसानों और श्रमिकों की अधिक मेहनत और उद्यमियों की दूरगामी सोच के साथ ही देश के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि तेज गति से हो रही न्याय-परक प्रगति के बल पर वैश्विक परिदृश्य में भारत का कद ऊंचा हुआ है और जी20 की अपनी अध्यक्षता के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद उसने ग्लोबल साउथ को मुखर अभिव्यक्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कांग्रेस की गलतियां झेल रहा देश

## सीएम योगी के नेतृत्व में निकाली गयी विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश में आज डेढ़ करोड़ हिंदू अस्मिता बचाने को चिल्ला रहे हैं लेकिन दुनिया और भारत के कथित सेक्युलरिस्ट के मुंह सिले हुए हैं क्योंकि उन्हें वोट बैंक की चिंता है और उनकी मानवीय संवेदना मर चुकी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। विभाजन विभीषिका पर आधारित लघु फिल्म के जरिए आमजन का दर्द दिखाया गया। योगी ने कहा, ...शेष पृष्ठ 14 पर



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर हाथों में तख्ती लेकर मौन पदयात्रा निकालते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# विनेश को नहीं मिलेगा मेडल, याचिका खारिज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट की अपील खेल पंचाट ने खारिज कर दी है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले ही उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक आया था, जिस कारण उन्हें अयोग्य करार दिया गया था। विनेश ने हालांकि संयुक्त रजत पदक देने की मांग पर खेल पंचाट (सीएएस) में अपील दायर की थी जिस पर सुनवाई पूरी हो गई थी। विनेश की अपील पर बार-बार फैसला टल रहा था, लेकिन अब सीएएस ने उनकी अपील खारिज कर दी है जिसका मतलब है कि उनका पदक जीतने का सपना टूट गया। फाइनल से पहले बाहर होने के बाद विनेश ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की थी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अनुसार, विनेश की अपील पर मंगलवार यानी 13 अगस्त को भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे फैसला आना था, लेकिन इसे टाल दिया गया था।



रेसलर विनेश फोगाट









15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डा. श्री राघवेन्द्र सिंह
इमरजेन्सी मेडिकल आफीसर
जिला अस्पताल इटावा



डा. गीताराम
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
इटावा

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

नए पीएनबी वन ऐप का अनुभव लें
"नया रूप-अधिक सेवाएं-कुछही क्लिक"
#JustOneApp
सभी देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
pnb
हमें फॉलो करें : www.pnbindia.in | टोल फ्री : 1800-180-2222 या 1800-103-2222
पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, लालगंज
(शहीद जवानों को शत-शत नमन।)
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



सिद्धार्थ सिंह (प्रशासनिक सचिव)
शांतनु सिंह (प्रबंधक)
सुनील सिंह (प्रबंध-निदेशक)

INDSMART
इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
प्रति वर्ष 8% तक
इंडियन बैंक के विशेष उत्पाद के साथ अपना भविष्य सुरक्षित करें

मीयादी जमाएं
आईबी गोल्ड एज़र - अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त 0.75% प्रति वर्ष के साथ मीयादी जमा*
इंड सुपर 400 डेज़ - 400 डेज़ के लिए मीयादी जमा, प्रति वर्ष 8.00% तक का ब्याज *
इंड सुप्रीम 300 डेज़ - 300 डेज़ के लिए मीयादी जमा, प्रति वर्ष 7.80% तक का ब्याज *
मीयादी जमा - (1 वर्ष से अधिक एवं 2 वर्ष से कम), प्रति वर्ष 7.85% तक का ब्याज *

बचत खाता उत्पाद
इंड संपूर्ण सैलरी पैकेज - ₹1 करोड़ तक की ग्रुप दुर्घटना बीमा की सुविधा के साथ सैलरी खाता*
इंड गुरुदेव - ₹40 लाख तक की ग्रुप दुर्घटना बीमा की सुविधा के साथ शिक्षकों के लिए सैलरी खाता*
इंड पेंशन प्राइम - पेंशनधारकों के लिए ₹2 लाख की ओवरड्राफ्ट एवं ₹10 लाख के ग्रुप दुर्घटना बीमा की सुविधा*

चालू खाता उत्पाद
आईबी प्रोफेसनल - प्रोफेसनल व्यक्तियों के आवश्यकतानुरूप एवं साथ में, ₹32 लाख तक की ग्रुप दुर्घटना बीमा की सुविधा
आईबी हरित - कृषि गतिविधियों में कार्यरत व्यक्तियों के लिए, ₹10 लाख के ग्रुप दुर्घटना बीमा की सुविधा* एवं निःशुल्क क्यूआर कोड साउंड बॉक्स
आईबी आई-फ्रीडम - निःशुल्क पीओएस के साथ स्मार्ट चालू खाता*, आरटीजीएस/एनईएफटी /डीडी के लिए रियायती सेवा शुल्क
*नियम व शर्तें लागू
1800 425 000 00 | www.indianbank.in | Follow us on:

गोबिन्द शुगर मिल ऐरा, खीरी
जुआरी इण्डस्ट्रीज लि० की इकाई
समस्त किसान भाईयों, क्षेत्रवासियों एवं कर्मचारियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अतहर शहाब
प्रबन्ध निदेशक
ZUARI INDUSTRIES
आलोक सक्सेना
कार्यकारी निदेशक



विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

"मां भारती की सेवा में सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों, स्वातंत्र्य समर के ज्ञात-अज्ञात सेनानियों को शत-शत नमन। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को आत्मसात कर भारतवर्ष प्रगति के नए पथ पर गतिमान है। आइए, हम सब मिलकर विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। यही राष्ट्र निर्माताओं के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"

जय हिंद!



78 वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश





| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिशन रोजगार के अंतर्गत 6.50 लाख+ सरकारी नौकरियां | किसानों को नलकूप से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली | 1 करोड़+ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों द्वारा रोजगार | 56 लाख+ गरीब परिवारों को पक्के घर का उपहार | 2 एम्स 65 मेडिकल कॉलेज संचालित | 15 एयरपोर्ट संचालित 6 निर्माणाधीन | 6 एक्सप्रेसवे संचालित 7 निर्माणाधीन |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के तहत समर्थ एप के माध्यम से 6-14 दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन एवं नामांकन
एलिम्को कैम्प का आयोजन
मेडीकल कैम्प का आयोजन



प्रहलाद कुमार
डायरेक्टर
ध्रुव रिटेबिलिटेशन सेन्टर
शीतलपुर धर्मनगर, इटावा
मो. नं.- 8126243567

अर्चना सिन्हा
जिला समन्वयक
समेकित शिक्षा
बी.एस.ए. कार्यालय, इटावा
मो. नं.- 8077601948

SJS PUBLIC SCHOOL, LALGANJ
WISHES YOU ALL





MR. R.B. SINGH
MANAGING DIRECTOR
MR. AGRAJ SINGH
MANAGER
DR. ANUSHREE SINGH
JOINT MANAGER



# यूपी एसटीएफ के 17 पुलिसकर्मियों को मिला गैलेंट्री अवार्ड

## माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और गुर्गे को मार गिराने वाली टीम भी शामिल, होगी सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के सत्रह जवानों को राष्ट्रपति का वीरता पुरस्कार ( गैलेंट्री अवार्ड ) दिए जाने का निर्णय लिया गया है ।जिसमें सीओ नवेंदु कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह चौहान, हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार समेत कुल 17 पुलिस कर्मी शामिल हैं ।इन्हे प्रेसिडेंट गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

जिसमे 5 लाख के इनामी अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम का एनकाउंटर करने वाली एसटीएफ की छह सदस्यीय टीम शामिल है ।पंद्रह अगस्त पर यूपी पुलिस के छह पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है ।इस मौके पर यूपी पुलिस सत्रह पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी पुलिसकर्मियों को चार अलग अलग घटनाओं के लिए सम्मान दिया जाएगा।जिसमें इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल हरिओम सिंह, इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह और कांस्टेबल विपिन कुमार का नाम शामिल है ।यही नहीं इसमें सीओ विमल कुमार सिंह, सीओ नवेंदु कुमार, इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र कुमार राय, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार और इंस्पेक्टर राजीव चौधरी को भी गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा ।इसके अलावा सब इंस्पेक्टर जयवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रईस अहमद, कांस्टेबल अरुण कुमार और कॉन्स्टेबल अजय कुमार को भी राष्ट्रपति का वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बता दें, गृह मंत्रालय ने बुधवार को 15 अगस्त के अवसर पर विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक व उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक प्राप्त करने वालों की सूची जारी की है। इन सभी को 15 अगस्त के मौके पर सम्मानित किया जाएगा।यूपी पुलिस ने बताया कि आज केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के 17 अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न अवसरों पर उनके साहसिक एवं असाधारण पराक्रम के लिए पुलिस वीरता पदक ( पीएमजी ) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पुलिस वीरता पदक ( पीएमजी ) प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के वीर पुलिस कर्मियों के असाधारण कार्यों का विवरण इस प्रकार है ।इसके साथ ही होमगार्ड और सिविल डिफेंस सर्विस के भी एक कर्मी को गैलंट्री का सम्मान मिलेगा। असिस्टेंट डिप्युटी कंट्रोलर के पद पर तैनात बनवारी लाल को भी गैलेंट्री अवॉर्ड देकर उन्हे सम्मानित किया जाएगा।

इस वर्ष बीती 13 अप्रैल को एसटीएफ की टीम ने पांच-पांच लाख के इनामी असद अहमद और गुलाम को झांसी में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद पर उमेश पाल और उनकी सुरक्षा में लगे दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने का आरोप था। इस एसटीएफ की टीम में सीओ विमल कुमार सिंह, सीओ नवेंदु कुमार, निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार राय, अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी सुशील कुमार, सुनील कुमार शामिल थे।जिन्हें गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**इनामी अपराधी मेहरबान को ढेर करने वाली टीम को भी मिलेगा इनाम :** यूपी एसटीएफ और गाजियाबाद पुलिस की टीम ने बुलन्दशहर में पुलिस मुठभेड़ में एक लाख रुपए के इनामी अपराधी मेहरबान को मुठभेड़ में ढेर किया था ।जिनके विरुद्ध 31 मामले दर्ज थे। इसमें जितेन्द्र कुमार सिंह निरीक्षक, राकेश कुमार सिंह चौहान और उपनिरीक्षक अनिल कुमार व मुख्य आरक्षी हरिओम सिंह और मुख्य आरक्षी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे ।इन्हे भी गैलेंट्री अवार्ड मिलेगा

**अपराधी प्रवीण दुबे को मारने वाली टीम पायेगी गैलेंट्री अवार्ड :**यूपी के इटावा के सिविल लाइन क्षेत्र में पच्चास हजार के इनामी अपराधी प्रवीण दुबे को मार गिराया था। प्रवीण दुबे दुर्दांत विकास दुबे गैंग का सदस्य था।इसको मार गिराने में जितेन्द्र प्रताप सिंह उपनिरीक्षक और विपिन कुमार कांस्टेबल शामिल थे ।इन्हे भी गैलेंटरी अवार्ड मिलेगा।

**आदित्य राणा उर्फ रवि को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराने वाली टीम भी होगी सम्मानित :** यूपी के बिजनौर जिले के स्योहारा थानाक्षेत्र में पुलिस कस्टडी से फरार हुए ढाई लाख रुपए के इनामी आदित्य राणा उर्फ रवि को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया था। जिसमें राजीव चौधरी निरीक्षक, जयवीर सिंह उपनिरीक्षक, रईस अहमद मुख्य आरक्षी, अरुण कुमार आरक्षी और अजय कुमार आरक्षी शामिल थे।

# लखनऊ आईजी सहित 676 को मिलेगा डीजीपी का सम्मान


आईपीएस अपर्णा रजत कौशिक (गोल्ड)


इंस्पेक्टर विक्रम सिंह (गोल्ड)


इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा (सिल्वर)


उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह (गोल्ड)


उपनिरीक्षक शिवमंगल सिंह (गोल्ड)

**लखनऊ।** पंद्रह अगस्त के मौके पर यूपी के 678 पुलिस कर्मियों और अफसरों को शौर्य और अभिलेखों के आधार डीजीपी का प्रशंसा

- 23 पुलिस कर्मियों को गोल्ड मैडल से किया जायेगा सम्मनित

मिलेगा ।जिसमे से गोल्ड प्रशंसा चिन्ह लखनऊ आईजी प्रशान्त कुमार द्वितीय तथा मिजार्पुर डीआईजी राकेश प्रकाश सिंह तथा देवी पाटन डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह और आईपीएस अफसर केशव कुमार और पीपीएस साद मियाँ खान और आईपीएस पंकज मनीष कुमार और शक्ति मोहन अवस्थी व कृष्ण कुमार तथा कमलेश कुमार दीक्षित और चारू निगम व प्रशान्त वर्मा और अपर्णा रजत कौशिक तथा अमित कुमार और सुरेन्द्र नाथ तिवारी और अजीत कुमार सिन्हा और सत्यसेन यादव व प्रमोद कुमार श्रीवास्तव तथा सीमा यादव और रामसूरत सोनकर और विनय कुमार सिंह चौतीस अफसरों को मिलेगा ।इसके अलावा शौर्य के आधार पर उत्कृष्ठ सेवा सम्मान चिन्ह चार लोगो को तथा डीजीपी का सेवा अभिलेखों के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह इक्कीस पुलिस अफसरों और कर्मियों को मिलेगा ।इसके अलावा शौर्य के आधार पर डीजीपी का प्रशंसा चिन्ह उन्नीस लोगो को मिलेगा ।वही सेवा अभिलेखों के आधार पर एक को प्रशंसा चिन्ह दिया जाएगा ।इसके अलावा शौर्य के आधार पर गोल्ड प्रशंसा चिन्ह चौतीस लोगो को तथा सेवा अभिलेखों के आधार पर सिल्वर प्रशंसा चिन्ह एक सौ चार लोगो को मिलेगा ।इसके अलावा शौर्य के आधार पर सिल्वर प्रशंसा चिन्ह दो सौ इकहत्तर लोगो को दिया जाएगा ।यह सम्मान प्रदेश के डीजीपी सभी अफसरों और कर्मियों को पंद्रह अगस्त के मौके पर डीजीपी कार्यालय में प्रदान करेंगे।

# सीएम योगी ने अपने घर पर फहराया तिरंगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने सरकारी आवास, 5 कालिदास मार्ग पर तिरंगा

- मुख्यमंत्री ने ली सेल्फी, अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा, हर घर तिरंगा फहराएंगे

फहराया। इसके बाद सीएम ने सेल्फी ली। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि हमारी एकता, अखंडता, संप्रभुता और आन-बान-शान का प्रतीक, हमारा तिरंगा, हर घर तिरंगा फहराएंगे। जय हिंद। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वर्ष भी देश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया। साथ ही यूपी के आम जनमानस से भी अपील की कि सभी अपने घर पर देश की शान तिरंगा फहराएं।

# विभाजन की विभीषिका को एकेटीयू में किया गया याद

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. जेपी

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

पांडेय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच बार के पार्षद एवं विभाजन में दर्द झेलने वाले परिवार के सदस्य नानक चंद्र लखवानी त्रासदी की दास्तां को बयां करते हुए भावुक हो गये। उस दौर को याद करते हुए बताया कि देश के विभाजन के पहले हमारा परिवार आज के पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रहता था। सामाजिक रूप से हम बेहद समृद्ध एवं शांतिप्रिय लोग थे लेकिन विभाजन की त्रासदी ने हमारे सहित लाखों लोगों को अपना सब कुछ छोड़ने पर मजबूर कर दिया। तमाम यातनाएं झेलनी पड़ी। अतातायियों ने सब कुछ लूट लिया। किसी तरह हमारा परिवार अपनी भरी-पूरी गृहस्थी छोड़कर भारत आया। यहां न रहने को घर था और न ही खाने को कुछ था लेकिन हमने हार नहीं मानी। भले ही हमारा सबकुछ छूट गया लेकिन हम अपने साथ अपनी संस्कृति, संस्कार, शांति, जिजिविषा लेकर आये। हमारे परिवार सहित समाज ने मेहनत की। धीरे-धीरे हमने अपनी जगह बनायी। भले ही आज हम समृद्ध हैं लेकिन विभाजन और उस त्रासदी के दर्द को नहीं भूलते। कहा कि हम देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

इस मौके पर कुलसचिव रीना सिंह ने विभाजन की विभीषिका को याद किया। कहा कि उस दौरान करोड़ों लोगों ने इस जख्म को झेला लेकिन अपने हौसले और कठिन परिश्रम की बदौलत उन परिवारों ने आज अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम के दौरान विभाजन में जान गंवाने वालों के लिए दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर विभाजन से जुड़ी एक लघु फिल्म भी दिखाई गयी।

# विभाजन विभिषिका दिवस मनाना शहीदों की शहादत का अपमान: कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि आज जब देश को आजादी मिलने के समय को चंद घंटे शेष बचे हैं। तब सैकड़ों सालों की गुलामी तथा लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद मिली हुई आजादी की खुशी मनाने के बजाय आरएसएस तथा भाजपा आजादी के 75 वर्ष बाद विभाजन विभिषिका दिवस मना रही है जो देश के शहीदों की शहादत का अपमान है और पूरे स्वतंत्रता संग्राम को गाली देने के समान है।

उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के समय जहां कांग्रेस और अन्य स्वतंत्रता सेनानी अपने-अपने तरीके से आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे। वहीं आरएसएस एवं उसके संगठन उस लड़ाई में साथ नहीं दे रहे थे इसलिए उनके लिए आजादी का कोई मूल्य नहीं है। आजादी की लड़ाई में उनके ऊपर जो कालिख लगी है यह विभिषिका दिवस मनाना उसको ढकने की कोशिश मात्र है। डॉ. राय ने कहा कि आजादी की समय देश में 550 से अधिक देश तथा उनके अलग-अलग राजा और नवाब थे, जिनको यह अधिकार था कि



वह भारत के साथ रहे, पाकिस्तान के साथ जायें या स्वतंत्र रहें, उन परिस्थितियों में महात्मा गांधी की प्रेरणा से पं. जवाहर लाल नेहरू तथा सरदार पटेल ने 550 से अधिक राजा तथा नवाबों का विलय कराकर आज का भारत बनाया है। जबकि एक सच यह भी है कि दो राष्ट्र सिद्धान्त सबसे पहले सावरकर ने दिया था और फिर सिंध विधानसभा में जहां जिन्ना की मुस्लिम लीग और आरएसएस की विचारधारा के लोगों की संयुक्त सरकार थी यह विभाजन का प्रस्ताव पास हुआ था तब आरएसएस ने चुप्पी साधे रखा था। उन्होंने कहा कि आज त्रासदी का नहीं बल्कि शहीदों की शहादत को याद करने कर उनका आभार व्यक्त करने का दिन है और 550 से अधिक देशों को मिलाकर एक देश बन जाने का खुशी मनाने का दिन है।

## अजय राय ने लोगों को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सैकड़ों सालों की गुलामी तथा लाखों हिन्दुस्तानियों की कुर्बानी के बाद हमारा देश आजाद हुआ था। महात्मा गांधी के दिखाये गये रास्ते पर चलकर तथा पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा बनाई गई बुनियाद और अन्य प्रधानमंत्री जो उस रास्ते पर चले यह उसी का परिणाम है कि आज हम दुनिया की पांच अर्थव्यवस्था में तथा 5 सैन्य ताकतों में एक हैं, और आज इस दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। आइये आज स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को याद करते हुए संकल्प लें कि देश की आजादी एवं संविधान की रक्षा करेंगे।

# दूरदर्शन, नई दिल्ली में ड्रोन दीदी एवं लखपति दीदी का हुआ टॉक शो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली मे लाल किले पर आयोजित कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत 3 लखपति दीदी एवं 5 ड्रोन दीदियां दिल्ली पहुंच गयी है। बुधवार को सबेरे दूरदर्शन, नई दिल्ली

- 15 अगस्त को लाल किले पर आमंत्रित की गई, ड्रोन, लखपति दीदियां 13 को दिल्ली पहुंची

में ड्रोन दीदी एवं लखपति दीदी का हुआ टॉक शो हुआ।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने से लखपति दीदियों में और लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर दीदियों व ड्रोन दीदियों में न केवल नये उत्साह नयी ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का भाव और अधिक दृढ़ होगा। यही नहीं, इससे पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं में आत्मसम्मान का भाव जागृत होगा। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी व मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सीतापुर की ड्रोन दीदी सुनीता वर्मा एवं वाराणसी की लखपति दीदी सीमा देवी ने अपने निरंतर प्रयास एवं लगन से आज एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। दोनों दीदियां दूरदर्शन, नई दिल्ली में प्रसारित होने वाले टॉक शो में आमंत्रित किया गया एजिसमे उन्होंने अपनी सफलता की कहानी को दर्शको से साझा किया। टाक शो में शामिल हुयी दोनों दीदियों की सफलता की कहानी पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ड्रोन दीदी सुनीता वर्मा 2013 में ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और 2023 में उन्हें ड्रोन दीदी के रूप में चुनते हुए उन्हे इफ्को द्वारा संबन्धित प्रशिक्षण भी दिया गया। ड्रोन के माध्यम से दीदी द्वारा 350 एकड़ भूमि पर नैनो यूरिया व कीटनाशक का छिड़काव किया गया, जिससे उन्हे 40 हजार रुपये की आमदनी हुई है।

# उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए जनता मैदान में उतर चुकी हैं : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव में बहुमत से पीछे और उत्तर प्रदेश में भी अपनी कई प्रमुख सीटें गंवाने से भाजपा नेतृत्व में बौखलाहट है। आसन्न विधानसभा उपचुनावों में भी अपनी हार देखकर भाजपा डरी हुई है इसीलिए वह छल-बल और सत्ताबल का दुरुपयोग करने से बाज नहीं आ रही है। भाजपा को लोकतंत्र और संविधान की गरिमा का कतई लिहाज नहीं रहा है। भाजपा को जब-जब भी मौका मिला उसने लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां ही उड़ाने का काम किया है।

प्रदेश में भाजपा उपचुनाव जीतने के लिए हर संभव कोशिश करने में लगी है। उत्तर प्रदेश सरकार शासन-प्रशासन के अधिकारियों को हटाने और अपने मनमाफिक अधिकारियों की नियुक्ति करके सोचती है कि उसकी नैया पार हो जाएगी। जब उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए जनता मैदान में उतर चुकी हैं तो भाजपा कुछ अधिकारियों को हटाने का कितना भी शासकीय और प्रशासकीय सत्ता का दुरुपयोग कर ले, कोई उनको पराजय से रोक नहीं सकता



है। देखना यह भी है कि इनकी जगह जो अधिकारी आएंगे उनकी निष्पक्षता पर आखिर मोहर कौन लगाएगा? यह चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को प्रदूषित करने की कोशिश है। एक बात तो अब तय है कि भाजपा को उपचुनावों में अपनी 10 की 10 सीटों पर हार के अपमान से कोई नहीं बचा सकता। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार और पुलिस भर्ती, नीट पेपर लीक, महिला सुरक्षा, संविधान और आरक्षण की रक्षा, नजूल भूमि जैसे मुद्दों का सामना करने में भाजपा कतई सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि उपचुनावों के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया करने को तत्पर है।

## अखिलेश यादव ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान के फलस्वरूप मिली है। इस आजादी की सुरक्षा में देशवासियों को आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में योगदान की अपील की है।

# महिलाएं अपनी शक्ति का उपयोग राष्ट्र हित में करें : आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में 'विकसित भारत 2047 एवं आत्मनिर्भर महिलाएं' कार्यक्रम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति, ताकत और कौशल को समाज के कल्याण एवं देश के विकास के लिए उपयोग करें। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं का समाज में मान-सम्मान बढ़ा है तथा उन्हें अनेक

- महिला ग्राम प्रधानों व एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया
- छात्राओं को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री व प्रमाण पत्र आदि का वितरण

सुविधाऐं भी उपलब्ध हुई हैं।

राज्यपाल बुधवार को राजभवन में संस्था 'घर आई नन्ही परी' द्वारा 'विकसित भारत 2047 एवं आत्मनिर्भर महिलाएं' कार्यक्रम में भाग ले रही थी। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों को मिले बजट का उपयोग ग्राम की समस्याओं के निस्तारण के लिए योजनाबद्ध तरीके से किया जाये। उन्होंने कहा कि गांव की आवश्यकताओं की सूची बनाएं एवं प्राथमिकता के अनुसार कार्य शुरू किया जाए तथा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए गए ग्रांट का उपयोग पूरी रणनीति और प्रबंधन के साथ ग्राम विकास में करें। उन्होंने अपने गुजरात के कायार्नुभवों को साझा करते हुए कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है, इसलिए तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ध्यान दिये जाने की अपील की तथा गांव में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन हो एवं आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा पूर्ण करने के बाद उनमें ड्रॉपआउट न हो तथा उनका कक्षा एक में दाखिला हो। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्ष 2030 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत युवाओं का प्रवेश सुनिश्चित हो। उन्होंने ग्राम प्रधानों से विकसित गांव बनाने का आह्वान किया व कहा कि जब प्रत्येक गांव विकसित बनेगा तो भारत स्वयं विकसित हो जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने सभी से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण मे हिस्सा लेने का आह्वान किया ।इस अवसर पर संस्था से जुड़े विधान परिषद सदस्य डॉ. अवनीश सिंह ने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए एवं वर्तमान समय में हर क्षेत्र में बालिकाएं अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाओं ने अवसरों को उपलब्धियों में तब्दील किया है ।इस अवसर पर संस्था की संस्थापक ईभा सिंह पटेल ने संस्था का संक्षिप्त परिचय, अपने कार्य अनुभव तथा संस्था के 3 वर्ष की यात्रा का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए महिला प्रधानों को आत्मनिर्भर बनाना, उनको सशक्त करना और प्रत्येक बालिका की शिक्षा सुनिश्चित करना संस्था का उद्देश्य है ।इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिला ग्राम प्रधानों व एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को अपने क्षेत्र के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर राज्यपाल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चिनहट की 20 छात्राओं को राज्यपाल द्वारा स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री व प्रमाण पत्र आदि वितरित किए गए। राज्यपाल ने 'हमारा राजभवन' तथा लोकहित के मुख्य स्वर पुस्तक संस्था की संस्थापक को प्रदान किया।

# बांधो, जलाशयों, नहरों, बैराजों से आंकड़े एकत्र करना अंतरिक्ष विज्ञान की मदद से ही संभव

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने डा. राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन, सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग (तेलीबाग लखनऊ) में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पूरे प्रदेश के विभिन्न बांधो, जलाशयों, नहरों, बैराजों से जल की उपलब्धता एवं संचालन सम्बन्धी प्रतिदिन के आंकड़े यहां कमांड सेन्टर में एकत्र करना अंतरिक्ष विज्ञान की मदद से ही संभव हो पा रहा है। अतः हमें इसे और प्रभावी बनाने पर निरंतर विचार करते रहना चाहिए। हम आज के दिन को न केवल अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों के रूप में मानते हैं, बल्कि इसे एक प्रेरणा के रूप में भी देखते हैं।

सिंह ने कहा कि आज का दिन युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति आकर्षित करने का एक विशेष अवसर भी है। आज के युवा हमारे भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और शोधकर्ता हैं, जो आने वाले समय में हमारे देश को और ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। भारत के चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की उपलब्धि हमारे देश की वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी उत्कृष्टता, और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस अद्वितीय उपलब्धि को प्राप्त करने में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर समर्थन और प्रेरणा का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास और लगातार दिए गए नैतिक मार्गदर्शन से प्रेरित होकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) द्वारा यह अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की गयी जो विश्व के किसी भी देश के लिए अभी तक केवल कल्पना तक सीमित है। इस मिशन के बाद यह वाक्य भी बहुत प्रचलित हुआ कि कुछ देशों के झंडों पर चांद होता है वहीं कुछ देशों का झंडा चांद पर होता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# बुजुर्ग मजदूर की धारदार हथियार से वार कर हत्या

- सड़क किनारे मिला शव, गुस्साये ग्रामीणों ने किया प्रर्दशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बंथरा इलाके में मंगलवार रात बुजुर्ग मजदूर की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी। जिसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। उसके सिर और शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी व एक अन्य को हिरासत में ले लिया है। उधर इस घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने परिजनों संग मिलकर मोहन रोड पर जमकर प्रदर्शन किया।

सूचना पाकर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। नानमऊ गाँव निवासी बुजुर्ग मजदूर मखोले गौतम (70) बीते दिनों गांव के ही सुनील कुमार रावत सहित कई अन्य लोगों के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने गए थे। मंगलवार देर रात मखोले सड़क किनारे मरणासन हालत में पड़े मिले। जानकारी मिलते ही परिजन वहां पहुंचे और मखोले को उठाकर एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह मृतक के परिजन शव लेकर बनी - मोहान रोड स्थित कंजाखेड़ा गांव के पास पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ रोड पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि बीते दिनों उनके घर में हुई चोरी में पहचान होने के कारण आरोपी ने ही घटना को अंजाम दिया है। वहीं सड़क पर शव रखकर हो रहे प्रदर्शन की सूचना पर एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पीड़ित परिवार की ओर से सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे और एक अन्य को हिरासत में ले लिया है। उधर घटना की जानकारी क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह को हुई तो उन्होंने मृतक के बेटे से बातचीत कर परिवार को आर्थिक मदद के रूप में एक लाख रुपए देने के अलावा सुरक्षा के लिए पीड़ित परिवार के घर पर दो सिपाहियों की तैनाती कराने का आश्वासन दिया है।

**हत्यारोपी को ग्रामीणों ने पीटा:** प्रदर्शन के दौरान हत्यारोपी सुनील भी ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा था। जिसे देखते ही ग्रामीण उस पर टूट पड़े और उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी। यह देख वहां मौजूद सिपाही रामानंद ने सुनील को बचाकर बंथरा थाने ले गया और हवालात में डाल दिया। सिपाही रामानंद द्वारा सुनील को थाने ले जाने पर ग्रामीण भड़क गये और उन्होंने सिपाही रामानंद पर सुनील को बचाने का आरोप लगा दिया। जबकि पुलिस का कहना है कि सिपाही रामानंद ग्रामीणों की पिटाई से बचाने के लिए ही सुनील को थाने लाकर हवालात में डाला था।

**कई घरों में हुई थी चोरी:** मृतक मखोले जब सुनील के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने गया था। तभी रविवार रात मखोले सहित गांव के कई अन्य लोगों के घरों में चोरी हुई थी। चोरी की घटना में मखोले के बेटे पप्पू ने सुनील के चचेरे भाई संजय कुमार और जितेंद्र सहित कुछ अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को उनके नाम बताए थे। उक्त नाम सुनने के बाद पुलिस तीन आरोपियों को थाने ले आई थी। लेकिन बाद में छोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि जब वह थाने से छोड़े गए, तभी उन्होंने मखोले के बेटे पप्पू के घर में मर्डर करने की धमकी दी थी।

**बुजुर्ग का नहीं मिला शव:** आशियाना पुलिस ने रविवार को लापता 70 वर्षीय बुजुर्ग वीरेंद्र नरूला के मामले में हत्यारोपी किरायेदारों की निशानदेही पर बुधवार को भी शारदा नहर में तलाश करती रही। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूत्रों की माने तो बुजुर्ग रामनगर आलमबाग स्थित अपने मकान को बेचने के फिराक में थे। लेकिन हत्यारोपी उस पर कब्जा जमाये हुए थे और मकान को खाली नहीं कर रहे थे। कई माह से किराया भी देना बंद कर दिया था। रविवार की दोपहर बुजुर्ग वीरेंद्र एक ब्रोकर के साथ खरीदार को मकान दिखाने के लिए गए थे। जिसके बाद वह वापस अपने रामनगर के मकान में किराया लेने के लिए गए थे। जिसके बाद वह बाहर नहीं निकले। जबकी उनकी बाइक घर के बाहर ही खड़ी रही। जिसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि लगातार सर्च अभियान जारी है। दूसरे जिलों में भी सूचित कर दिया गया है। जल्द ही बुजुर्ग की बाइक को बरामद कर लिया जाएगा।

## शेखर कुमार कायस्थ महासभा यूपी पूर्व के अध्यक्ष नियुक्त



लखनऊ। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने शेखर कुमार को महासभा उत्तर प्रदेश (पूर्व) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शेखर कुमार समाज के उत्थान और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। शेखर कुमार पिछले कई सालों से विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अपेक्षा किया कि शेखर कुमार का समाज के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे। कायस्थ समाज की लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। शेखर कुमार को अध्यक्ष बनाये जाने पर आनन्द श्रीवास्तव, अरुण कुमार, नरेश प्रधान, अतुल श्रीवास्तव, राकेश रंजन, मुनेंद्र श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, अमिताभ अस्थाना सहित कई ने हार्दिक बधाई दी।

## अस्पताल में किया गया तिरंगा वितरण



लखनऊ। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्री हरभजराम कृपा देवी धर्मार्थ अस्पताल नाका हिंडोला, चारबाग लखनऊ में तिरंगे का वितरण बुधवार को हुआ। इस अवसर पर अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता और वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल समेत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेप का आरोपी प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने लिवइन पार्टनर के साथ दुराचार करने वाले प्रापर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है। एडिशनल इंस्पेक्टर रामबाबू ने बताया कि मोहनलालगंज पुरसैनी निवासी प्रापर्टी डीलर अकील को उसके घर से पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ मंगलवार को पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। महिला भी प्रापर्टी डीलर के साथ काम करती थी। इस दौरान ही आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद दोनों लोग लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगे थे।

## लविवि में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**लखनऊ।** लोगों को स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर तिरंगा यात्रा निकालने का आवाह्न किया गया। इसके तहत बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में टैगोर लॉन से शिवाजी क्रीड़ांगन तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## बीबीएयू में रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न

**लखनऊ।** बीबीएयू में बुधवार को एंटी रैगिंग समिति की ओर से 'एंटी रैगिंग सप्ताह' के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने रैगिंग के विरोध में अपने विचारों को रंगोली के माध्यम से व्यक्त किया।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर मोटर साइकिल सवार किशोर की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर किशोर की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि मृतक की पहचान 17 वर्षीय सादिक अली निवासी बटलर कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक सादिक अली नगर निगम में जैस कैनल का काम करते है और उनका मृतक बेटा भी ठेकेदार के साथ कैनल का काम नगर निगम में करता था। बुधवार शाम वह बाइक से अपने रिश्तेदार को छोडने बिजनौर गया था। जहां से वापसी के दौरान वह वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार में माँ अकलीमा खातून भाई सद्दाम समेत दो बहनें है।

**करंट की चपेट से युवक की मौत:** निमार्णाधीन मकान में करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। डेवरिया भरसवा निवासी जयप्रकाश रावत ने पुलिस को बताया कि बुधवार की दोपहर मेरा 18 वर्षीय बेटा आकाशदीप सीएचसी से सिसेन्डी लौट कर आई अपनी मां आशा बहू कौशल्या को बाइक से लेकर घर आया था। जिसे दरवाजे पर उतारने के बाद एक फार्म हाउस पर निमार्णाधीन मकान के लिए बैटरी रिक्शा से आई निर्माण सामग्री उतरवाने लगा। इस दौरान वहां खड़ी सीढ़ी को उठाकर हटाते समय बिजली के तार के चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मजदूर ने लगाई फाँसी:** मजदूर ने मंगलवार की रात फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर छानबीन के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज के नवी खेडा गांव निवासी पवन कुमार रावत (24) मजदूरी करता था। मंगलवार की रात उसने अपने कमरे में गमछे के सहारे छत के कुंडे से लटक कर जान दे दी।

मृतक के भाई गोलू ने बताया कि उसका छह माह पूर्व बसरहिया गांव निवासी दीपाली के साथ सामूहिक विवाह समारोह में उसका विवाह हुआ था। लेकिन उसकी पत्नी एक सप्ताह पूर्व अपने प्रेमी के साथ कही चली गई। जिसके कारण परेशान था। उसका कहना है कि मेरी समाज मे बेज्जती हो गई। इसी कारण उसने अपने कमरे में जाकर फाँसी लगा ली। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर न निकला तो मां विटाना कमरे में गई तो बेटे को लटका देख चिल्ला पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने उसे फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## लेडी डाक्टर बंगले की जमीन पर आडिटोरियम बनने का रास्ता हुआ साफ

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी षहर के बीच में लेडी डाक्टर बंगले के नाम से मशहूर नगर पालिका की जमीन पर 400 सीट का एक आडीटोरियम बनने का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने माना है कि उक्त जगह रानी जुगराज कुंवर ने 1901 में सरकार को दे दी थी जिस पर 1916 में नगर पालिका अधिनियम बनने के बाद नगर पालिका महमूदाबाद का कब्जा व दखल चला आ है। कोर्ट ने कहा है कि नगर पालिका का दावा समय के साथ परिपक्व हो गया है। यह आदेश जस्टिस संगीता चंद्रा व जस्टिस श्री प्रकाष सिंह की पीठ ने सईदा फातिमा अषरफ की ओर से दाखिल रिट याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची ने उक्त जगह पर लोक निर्माण विभाग द्वारा आडीटोरियम बनाने का टेंडर निकालने को चुनौती देकर कहा था कि वह जगह विवादित है अतः वहां आडीटोरियम बनाना उचित नहीं है। लंबी चली सुनवायी के बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उक्त जमीन पर सरकार व परिशद का दावा परिवक्व है क्योंकि वे 1901 से ही उक्त जमीन पर कब्जा, अधिकार व स्वत्व जता रहे हैं।

# युवती का धर्म परिवर्तन कराकर किया प्रताड़ित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत महिला कर्मचारी के बेटे ने धर्म छिपाकर युवती से कोर्ट में शादी की। जिसके बाद उसे दहेज के लिये प्रताड़ित कर उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया। यहीं नहीं उसे बंधक बनाकर उसका उत्पीड़न किया गया। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजेन्द्र प्रसाद निवासी सिद्धार्थनगर ने बताया कि उसकी बेटी अमीशा की मुलाकात प्रशांत सिंह निवासी ब्वायज हॉस्टल पीजीआई से सोशल मीडिया साइट पर हुई थी। प्रशांत सिंह ने अपना धर्म छुपाकर उसकी बेटी से कोर्ट में बीती 6 मई 2024 को शादी की थी। विवाह के बाद 10 मई को जब वह ससुराल पहुचीं तो उसकी सास सुनीता कुमारी ने उस पर बेटे को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए बहुत भला बुरा कहा। जिसके वाद वह दहेज में 25 लाख रुपये की मांग करती रही। अमीषा ने बताया कि जब वह प्रशांत के घर पहुंची तो पता चला कि प्रशांत क्रिश्चिन है। जिसकी मां सुनीता कुमारी चिनहट स्थित एक चर्च में पदाधिकारी हैं। जबकी प्रशांत हिंदू नाम रखकर हिन्दू लड़कियों को फंसाता है। इसके लिए चर्च उनको फंडिंग करता है। जिसके वह लोग धर्म बदलने औश्र दहेज में 25 लाख रुपये लाने को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। उसका फोन भी छीन कर बंद कर दिया। विरोध पर उसे बंधक बनाकर पीटा गया। उधर मोबाइल फोन बंद होने से परेशान मनीषा के परिजनों जब उसकी ससुराल पहुचें तो उनकी बेटी कमरे के अन्दर बंद मिली। जिसके बाद उसके परिजनों ने उसे बड़ी मुश्किल से आजाद करा कर अपने साथ ले आये। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**चाय पीने आये युवक को दबगों ने पीटा:** अलीगंज नगर निगम कार्यालय के पास दोस्तों संग चाय पीने आए युवक पर कार सवार दबंगों नपे हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मरा समझकर हमलावर भाग निकले। गम्भीर हालत में युवक को उसके दोस्तों ने केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचाया। पीड़ित ने चार अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया है।

# सोने की पालकी में विराजमान किए गये गुरुग्रंथ साहिब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यहियागंज के श्रीगुरुतेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा में बुधवार सुबह से विशेष समागम का भव्य आयोजन श्रद्धा, सत्कार के साथ हुआ। इस विशेष समागम में तीन किलो की सोने की पालकी में श्रीगुरुग्रंथ साहिब महाराज को विराजमान कराया गया।

गुरुद्वारा प्रमुख डॉ. गुरमीत सिंह के संयोजन में हो रहे दो दिवसीय इस विशेष समागम में अमृतसर श्री दरबार साहिब से भाई अमनदीप सिंह, गगनदीप सिंह, करनैल सिंह, राजवीर सिंह, प्रीतम सिंह, अवनिंदर सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि विशेष समागम देर रात तक चला। समागम गुरुवार को भी होगा। समागम श्रीगुरु बहादुर साहिब के 200 साल प्रकाश पर्व को समर्पित है। हैप्पी ने बताया कि समागम शुरूआत से पहले ही श्रीगुरुग्रंथ साहिब महाराज को तीन किलोग्राम सोने की पालकी में विराजमान किया गया। सोने की पालकी को पंजाब के कारीगरों ने विशेष रूप से एक साल में तैयार किया है। इस समागम में शहर के सभी गुरुद्वारा साहिब, धार्मिक सोसायटी के प्रमुख पदाधिकारियों, सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# केकेसी में मिनी मैराथन का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय (केकेसी) में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन को स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले समस्त महापुरुषों एवं शहीदों को समर्पित किया गया। मिनी मैराथन का समापन शहीद स्मारक पर हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो विनोद चंद्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, हमें आजादी दिलाने वाले महापुरुषों और अनेक शहीदों के बलिदान के प्रति नतमस्तक और कृतज्ञ होने का अवसर है। स्वतंत्रता प्राप्ति, भारतीय इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। आज हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस स्वतंत्रता को चिरकाल तक जीवित रखने के लिए हम सब एक होकर संकल्प लें और राष्ट्र के भविष्य निर्माण में जो कुछ भी अपना योगदान दे सकते हैं, उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस अवसर पर अंशुमाली शर्मा, प्रो मधु गौड़, प्रो अभिषेक सिंह, अशोक शुक्ला, कमल पांडेय एवं सुनील त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, जौनपुर**

राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 के अवसर पर जौनपुर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से जौनपुर नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं निम्नलिखित

अपील करती है:

1. गृहकर, जलकर व जलमूल्य का भुगतान 31 मार्च 2025 से पहले पालिका को करते हुए छूट का लाभ उठावें।
2. दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्ट, नार्सिंग होम, हास्पिटल पर देय किराया व लाईसेन्स शुल्क की अदायगी समय से पालिका में करें।
3. अपने-अपने घरों से निकलने वाले दैनिक कूड़ों को समय से निर्धारित स्थल व कूड़ेदान में फेकें इधर-उधर तितर-वितर न करें। झाडू लगने के पश्चात कुडा व कचरा कदापि सड़कों व पटरियों पर न फेकें, अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ादान अवश्य रखें।
4. सड़क, पटरियों, नालियों व नालों पर किसी प्रकार का स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण न करें।
5. पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
6. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 30 दिवस के भीतर नगर पालिका में अवश्य करायें।
7. अपने घरों के पेयजल नल की टोटी को खुला न छोड़कर पेयजल का अपव्यय न करें। खुली टोटी पाये जाने व जल का अपव्यय करने हेतु पाये जाने पर नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
8. नगर में लगे स्ट्रीट लाईट व विद्युत उपकरणो को क्षति व नुकसान से बचायें।
9. प्रतिबन्धित पॉलिथिन, थमाकौल, दोहरा, चायनीज मंझा का उपयोग वर्जित है, इसका उपयोग कदापि न करे, यह गम्भीर अपराध है पकड़े जाने पर जुमार्ना भरना पड़ेगा।
10. देय करों गृह कर एवं जलकर का भुगतान समय से करें तथा आनलाइन करें।
11. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में नगर पालिका कर्मियों का सहयोग करें।
12. शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न करें, इससे बिमारी फैलती है।

(सन्तोष कुमार मिश्रा) अधिशासी अधिकारी | समस्त मान्य सभासद नगर पालिका परिषद, जौनपुर | (माया टण्डन) अध्यक्ष

पत्रांक संख्या- 666/तीन-सामा./2024-25 दिनांक 13.08.2024

# नाटक दर्द भरी दास्तां में दिखी विभाजन की विभीषिका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत रंगकर्मी, फिल्म अभिनेता महेश चन्द्र देवा द्वारा लिखित, परिकल्पित व निर्देशित नाटक दर्द भरी दास्ताँ का सशक्त मंचन काकोरी शहीद स्थल में किया गया।

मंच पर 7 कलाकारों द्वारा विभाजन विभीषिका का दर्द दिखाया गया' अंग्रेजो की कूटनीति ने भारत को बंटवारे की आग ने झोंक दिया' किस तरह से 14 अगस्त की सूचना मिलते ही लाखो परिवार बेघर हो जाते है दुकानों को लूट लिया जाता है' महिलाओ, बेटियों की अस्मत लूट ली जाती है। सरमायेदारों के फैसले रातों-रात लोगो की नींद हराम कर देते है' बैलगाड़ी, बसों रेलगाड़ियों से लोग बचते बचाते अपनों घरों, जमीन, व्यवसायों को छोड़कर भारत लौटते है' नाटक 4 अहम् पात्रों के इर्द गिर्द घूमता है। 85 साल का नन्दलाल जब 8 वर्ष का होता है तो विभाजन की त्रासदी का काले सच से रूबरू करता है। मानवीय पीड़ा अपनों का बिछड़ना, घर बार मिट्टी का छूटना' तो लायलकोट की रहने वाली 45 साल की अरुणा अपने दादा दादी बुआ पर जुल्मों की कहानी को बयां करती है। खचाखच भरे ट्रेन में लोगो की चीख पुकार दर्द को छलकाते हुए स्वरों के बीच जीवन और मरण के खेल को दशार्ती है' तो दूसरी तरफ लाहौर से सरदार रणजीत सिंह रोते रोते अपनी माँ पर हुए जुल्म को बताते है तो वही सियालकोट की रजनी अपनी माँ की डायरी को पढ़ते हुए अपनी बहन की हत्या और परिवार पर आकस्मिक गिरे पहाड़ को अपने अभिनय के माध्यम से दर्द बयां करती है' जिसमे एक तरफ स्वतंत्र भारत का उत्सव मनाया जाता है तो दूसरी तरफ लोगो को जिन्दगी बचाने के प्रयासों में उलझना पड़ता है। पचास मिनट के नाटक में सूत्रधार महेश चंद्र देवा, अमन आहिल ने नन्दलाल, शिखा वाल्मीकि ने अरुणा तो रणजीत सिंह हरी वर्मा, सोनाली वाल्मीकि ने रजनी की भूमिका अदा की' कलाकारों ने सशक्त व शानदार अभिनय के माध्यम से दर्शकों को झकझोरा तो कई बार ऑखें नम की' इसके अतिरिक्त कलाकारों में खुशी गौतम, स्नेहा गौतम, ऋतिक शाक्य रहे' रूपसज्जा सहीर व सचिन, रंगदीपन हितिक ने वस्त्र विन्यास किरन लता व दिनेश चन्द्र, प्रॉपर्टी सोनाली, खुशी शिखा ने किया।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने का आरोपी गिरफ्तार

नगराम। जमीन का बैनामा कराने के लिये कूट रचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पहले तीन आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है। जबकी अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि बीती 7 दिसंबर 2023 को सुशांत गोल्फ सिटी निवासी डा. अशोक चंद्र ने अयोध्या प्रसाद, रंजीत कुमार, चमनलाल दिवाकर, मिश्रीलाल व शिवम भास्कर के विरुद्ध जमीन बैनामा कराने के नाम पर रुपए हड़पने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में अयोध्या व रंजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी आधार कार्ड बनाने में गोसाईंगंज के मुकुंद खेड़ा गांव निवासी शुभम सिंह का नाम प्रकाश में आया था।

## पूर्व सैनिक के घर में चोरी

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में चोरों ने पूर्व सैनिक के घर को निशाना बनाते हुए कीमती जेवरात एवं नगदी समेत अन्य समान बटोर ले गए। चोरी की घटना पास मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है। एकता नगर में पूर्व सैनिक पूर्व सैनिक अंजनी कुमार सिंह परिवार संग निवास करते है।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**


स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंग-बिरंगी लाइट से जगमगाता लोकभवन


उत्तर प्रदेश विधानसभा का विहंगम दृश्य



चारबाग रेलवे स्टेशन की इमारत का खूबसूरत दृश्य

सभी फोटो-समीर भटनागर

# जश्न-ए-आजादी में डूबा शहर, रंग-बिरंगी लाइट्स ने जीता दिल


स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी से जगमगाता 1090 चौराहा


रोशनी से नहाया बापू भवन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वंतत्रता दिवस को लेकर यूपी की राजधानी लखनऊ सज चुकी है।15 अगस्त को देखते हुए लखनऊ तिरंगे और रंग-बिरंगी लाइट में रंगा नजर आ रहा है। वहीं, यह सजावट आकर्षण का केंद्र बन गई है। लखनऊ विधानभवन और लोकभवन रंग-बिरंगी लाइट्स से जगमग नजर आ रहा हैं।जबकि लोग भी खूबसूरती देखने के लिए पहुंच रहे हैं। जनेश्वर मिश्र पार्क में लगे फाउंटेन में वाटर स्क्रीन शो दिखाया जाएगा। इस शो के सहारे भारतीय संस्कृति को दशार्या जाएगा। यही नहीं, लखनऊ शहर की खूबसूरती देखने के लिए लोग रात को अपने घरों से निकल रहे हैं।इस दौरान वह खूबसूरती को अपने कैमरे में भी कैद कर रहे हैं।

**तिरंगे के रंग में रंगी शहर की इमारतें :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ का हर प्रमुख चौराहा व सरकारी इमारतें तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठे। तिरंगे कपड़े से सजी लखनऊ के विधान भवन की इमारत शाम-ए-अवध की सुंदरता में चार चांद लगाती नजर आ रही है।शाम ढलते ही जगह-जगह पर 'ये देश है वीर जवानों का, जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं बसेरा' जैसे कई देशभक्ति के गीत सुनने को मिल रहे हैं। विधान भवन जो तिरंगामय है। डायनैमिक फसाड लाइटिंग से रोशन विधान भवन की खूबसूरती देखते ही बन रही है। लोगों की भीड़ यहां सेल्फी लेने को पहुंच रही है।मीराबाई मार्ग स्थित वीआइपी गेस्ट हाउस भी तिरंगा रोशनी में नहाए हुए है।जगह-जगह पर तिरंगा लहरा रहा है कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन भी तिरंगा रंग में जगमग-जगमग हो रहा है।तिरंगे के रंग में सजी पूर्वोत्तर रेलवे की इमारत। हजरतगंज स्थित सिंकदरबाग पैलेस की खूबसूरती देखने लायक है। यह लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कुछ इस तरह से तिरंगा रंग में नहाया हुआ है नगर निगम कार्यालय।चारबाग रेलवे स्टेशन कुछ इस तरह से तिरंगा रंग में सजाया गया है कि थके हारे आ रहे यात्री भी इसकी खूबसूरती को देखकर एकदम फ्रेश हो जा रहे हैं।यात्री की रहे कि एक सेल्फी तो बनती है। लखनऊ के मेट्रो स्टेशन भी आजादी की खुशियां मना रहे हैं।अमौसी मेट्रो स्टेशन पर सजावट तो की ही गई है।वहीं देश भक्ति के गीत लगा आजादी का जश्न मनाया जा रहा है। गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के मुख्यालय को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कुछ इस तरह रोशनी से सजाया गया। 15 अगस्त के मौके पर हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से सभी इमारतों को तिरंगा रंग में सजाया गया है। बड़ा इमामबाड़ा तिरंगा रंग में नहाए हुए कुछ ऐसा लग रहा है। लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी आजादी का जश्न मना रहा है।

**चौराहों पर गाड़ियां रुकते ही झंडे बेचने को दौड़ते लोग :** चौराहों पर जैसे ही लाल बत्ती होने पर गाड़ियां रुकती थीं, अलग-अलग साइज और गाड़ियों के लिए विशेष तरह के झंडे बिकते नजर आए।हाथों में झंडे लिए बच्चे और महिलाएं यातायात से जूझते हुए उनकी बिक्री को आतुर दिखीं।अधिकतर लोगों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। झंडे गाड़ियों में फिट कर आगे बढ़ते दिखे।

**तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट की खूब हुई खरीदारी:** स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए बाजार आजादी के रंग में रंग गया है।राजधानी लखनऊ में कई दुकानें तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट और गुब्बारे से सज गई हैं।स्कूलों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं।विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बच्चे रिहर्सल करने लगे हैं।15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सरकारी, गैर सरकारी, संस्थान, विद्यालय, संगठन विविध कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं।हर घर झंडा अभियान के तहत विभागों को तिरंगा झंडा खरीदने और वितरित करने का लक्ष्य सौंप दिया गया है। बाजारों में भी स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। आयोजन के लिए दुकानों पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं।शहर की दुकानों पर कई आकर के सूती और पॉलिस्टर के झंडे 50 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं बिल्ला, टोपी, हैंड रिबन आदि की मांग शुरू हो गई है।स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकान सजाए रिंकू गुप्ता के मुताबिक अभी छिटपुट ग्राहक ही आ रहे हैं।लेकिन उम्मीद है जैसे जैसे राष्ट्रीय पर्व करीब आएगा बिक्री तेज होगी।इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा।राजधानी लखनऊ का एक बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है।इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं जो 15 अगस्त से जुड़े हुए हैं।

## लहराता तिरंगा और गूंजते जोशीले गीतों ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर शहर के बाजारों में बुधवार को जबरदस्त रौनक दिखी।हर प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान में तिरंगा की रोशनी में नहाए दिखे।लहराता तिरंगा और गूंजते जोशीले गीतों ने समां बांध दी।सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा..., कर चले हम फिदा जानों तन साथियों..., मेरा रंग दे बसंती चोला रंग दे... समेत आजादी के जोश पैदा करने वाले गीतों से होती गर्व की अनुभूति चहुंओर नजर आई। चौराहों पर बिकते झंडे, झंडियां, टोपियां स्वतंत्रता का सुखद अहसास कराती नजर आईं।स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए नवाबों का शहर पूरी तरह तैयार नजर आया।शहर की गली हो या मुहल्ला।प्रमुख बाजार हों या फिर स्कूल और सरकारी प्रतिष्ठान, सभी तिरंगे की रोशनी से नहाए दिखे। लोकतंत्र के इस पर्व का जश्न मनाने के लिए शनिवार को सुबह से ही शहर की ऐतिहासिक, सरकारी इमारतों पर तिरंगे झंडे और रंगीन तिरंगी झालरें भवनों को रोशन कर रही थीं। विधानभवन, सचिवालय, बापू भवन, योजना भवन, डीआरएम कार्यालय, रोडवेज, परिवहन मुख्यालय, शहीद स्मारक के अलावा अमीनाबाद, यहियागंज, चौक, हजरतगंज, आलमबाग, चारबाग, नादानमहल रोड, भूतनाथ बाजार, इंदिरानगर, गोमतीनगर, अलीगंज समेत सभी बाजारों में बुधवार को रौनक दिखी। धार्मिक इमारत से लेकर निजी इमारतें तिरंगी रोशनी से नहा उठीं। शहर का बाजार भी पूरी तरह आजादी के रंग में रंगा नजर आ रहा है।दुकानों में हर साइज के तिरंगे बिकते दिखे।शॉपिंग मॉल में भी लोग खरीदारी करते नजर आए।बाजारों में खरीदारों के लिए विशेष ऑफर पैकेज दिए गए।

## संगीत नाटक अकादमी से निकली तिरंगा यात्रा



**लखनऊ।** भारत की आजादी की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर बुधवार 14 अगस्त, को राष्ट्रीयता की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान को पूर्ण उत्साह के साथ मनाते हुए उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी की ओर से तिरंगा यात्रा गोमती नगर स्थित अकादमी परिसर से निकाली गई अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर की अगुवाई में अकादमी कार्यालय के समस्त कर्मचारियों सहित कथक केंद्र के अध्यापक और छात्र-छात्राओं के साथ ही रेडियो जय घोष के कर्मचारी भी उत्साह के साथ शामिल हुए यह तिरंगा यात्रा अकादमी परिसर से शुरू होते हुए रिजर्व बैंक आफ इंडिया समता मूलक चौक यपीडेस्को होते हुए वापस अकादमी परिसर में संपन्न हुई इस यात्रा में शामिल सभी के हाथों में भारतीय तिरंगा था वहीं उत्साहितजन देशभक्ति के तराने भी गा रहे थे जगह-जगह रूक कर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय कारे भी लगाए इस यात्रा में अकादमी, कथक केन्द्र एवं रेडियो जयघोष के समस्त कर्मियों के साथ-साथ कथक केन्द्र के छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे।

# मल्टीप्लेक्स व सिनेमा हॉल में आज मुफ्त दिखाई जायेगी फिल्म 'फाइटर'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। राजधानी के मल्टीप्लेक्स तथा सिनेमा हॉल में 15 अगस्त को मुफ्त में फाइटर हिंदी फिल्म दिखाई जाएगी। सिनेमा हॉल में इसके लिए 12:30 से 1:15 के बीच में शो चलेंगे। प्रथम आगत प्रथम पावत के आधार पर सीट मिलेगी।जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

30 प्रतिशत सीटें सीनियर सिटीजन, 30 प्रतिशत स्कूल कॉलेज के बच्चों तथा 30 प्रतिशत सीटें जन सामान्य के लिए आरक्षित रहेंगी। 10 प्रतिशत सीटें दिव्यांगों के लिए आरक्षित की गई हैं। 15 अगस्त को सिनेमा दिखाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।15 सिनेमा हॉल तथा मल्टीप्लेक्स में फाइटर मूवी दिखाई जाएगी। इन 15 सिनेमा हॉल में कुल 2596 सीट उपलब्ध हैं। सिने पोलिस, फन रिपब्लिक मॉल गोमती नगर तथा पीवीआर फीनिक्स आलमबाग को बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है।वेब मल्टीप्लेक्स गोमती नगर, सिने पोलिस वन अवध सेंटर गोमती नगर, सिने पोलिस फन रिपब्लिक गोमती नगर, पीवीआर सहारागंज, पीवीआर सिंगापुर मॉल गोमती नगर, पीवीआर फिनिक्स मॉल आलमबाग, पीवीआर लुलु मॉल सुशांत गोल्फ सिटी, आईनॉक्स गार्डन गैलरिया मॉल तेलीबाग, आइनॉक्स उमराव निशातगंज, आईनॉक्स क्रॉउन चिनहट, आइनॉक्स एमेरल्ड माल आशियाना, आईनॉक्स प्लासियो मॉल गोमती नगर, मूवी मैक्स आलमबाग बस अड्डा, अन्तास डीडी सिनेमा गोमती नगर विस्तार तथा एसआरएस सिनेमा गोमती नगर में फाइटर मूवी दिखाई जाएगी।अधिक जानकारी के लिए लोग सहायक आयुक्त राज्य कर एससी सिंह बिसेन के मोबाइल नंबर 7376113756 तथा राज्य कर अधिकारी पीयूष कुमार यादव के नंबर 9450730345 पर संपर्क कर सकते हैं।

## विश्वास पर टिका सनातन धर्म : प्रेमभूषण महाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी के दयालबाग में चल रही श्रीरामकथा में बुधवार को कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि सनातन धर्म विश्वास पर ही टिका है।धरती का संसार भगवान की रचना है।इसकी हर रचना पर भगवान की ही दृष्टि है। भगवान को न मानने वाले या प्रकृति से छेड़छाड़ करने वाले लोगों को यदि यह लगता है कि उसका फल उन्हें नहीं भोगना होगा तो वह गलत सोचते हैं।अच्छे कर्म का अच्छा और बुरे कर्म का पूरा फल हर हाल में प्राप्त होता है।केवट को 17 जन्मों के बाद भगवान का पैर पखारने का अवसर मिला था। श्रीरामकथा में परिवहन मंत्री दयाशंकर की माता, आयोजक राजेश सिंह दयाल, खुशहाली फाउंडेशन के चेयरमैन सोनू सिंह ने पूजन किया।प्रेमभूषण महाराज ने श्रीरामकथा में आगे कहा कि धर्म के नाम पर ठगी करने वालों को इस जीवन में ही उसका फल भोगना होता है।ठगी का शिकार होने वाले भक्तों का कुछ भी नहीं बिगड़ता है, क्योंकि भगवान के खाते में उसके सत्कर्म अपने आप जुड़ जाते हैं।इसलिए भगत को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन भगत से ठगी करने वाले व्यक्ति को इसका फल हर हाल में चखना पड़ता है। भगवान की अपनी व्यवस्था है।इस व्यवस्था में कोई भी किसी को छल नहीं सकता है। धर्म के नाम पर जब किसी को कोई ठगता है तो भगवान भगत के भाव की रक्षा करते हैं।इसलिए भगत को अपने धर्म कर्म में कभी भी चिंतित होने की जरूरत नहीं है।सनातन धर्म का मूल भी यही है, जो जैसा करता है, वह वैसा ही पाता है।

# नाचो गाओ खुशी मनाओ झूमो रे सब आज दादी आई हैं...

- धूमधाम से निकली 251 महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मंगल कलश उपने वाली आज खुला है भाग्य तेरा आशीर्वाद मिला है मां का अमर रहेगा सुहाग तेरा जैसे भजनों की बीच जब 251 महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा निकली तो हर कोई भक्ति के रंग में रंग गया। मौका था श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर दो दिवसीय झूला उत्सव के पहले दिन बुधवार को कलश यात्रा का श्री दादी परिवार लखनऊ के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, महामंत्री सुनील तुलस्यान की अगुआई में गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा शाम 4 बजे छत्रपति शिवाजी सभागार बाबूगंज से शुरू हुई। जिधर शोभा यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार रही। यात्रा में दादी जी का सुन्दर तथ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोग चादी के दर्शन और आरती करने के लिए उमड़ पड़े। लोगों ने पुष्पों की बारिश कर यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा में राजधानी के भजन गायक पवन मिश्रा व कानपुर के मुकेश गुप्ता ने भजन सुनाकर दादी को खूब रिझाया। 'नाचो गाओ खुशी मनाओं झूमो रे सब आज दादी आई है' के भजनों पर लोग खूब झूमे। यात्रा बाबूगंज से रामकृष्ण मठ होते हुये आठ नम्बर चौराहा स्थित होटल रेगनेंट पर समाप्त हुई। मंगल कलश उठाने वाली महिलाओं में द्रौपदी तुलस्यान, जमुना तुलस्यान, बिन्दु बोरा बोरा, अंजू गुप्ता, पूनम अग्रवाल, रूचि तुलस्यान, चित्रा तुलस्यान, खुशबू तुलस्यान, ज्योति तुलस्यान, स्नेहा अग्रवाल, रोली जैन, माया अग्रवाल, मीनू अग्रवाल आदि शामिल हुई। इसके अलावा श्री दादी परिवार के सरक्षक विधायक डा. नीरज बोरा, भारत भूषण गुप्ता, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, पुष्पा डालमिया, गिरजा शंकर अग्रवाल, पदम बंसल, संजय बंसल, आशीष अग्रवाल व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व सदस्य आशुतोष तुलस्यान, मनीष तुलस्यान, नरेश बंसल, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विशाल तुलस्यान, सुरेश अग्रवाल, समेत सैंकडों की संख्या में भक्त यात्रा में चल रहे थे।

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों का लगा तांता, निकली पग यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन माह के चौथे बुधवार पर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ दिखायी दी।हर कोई बाबा के दर्शन के लिए आतुर दिखा।मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भोर से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी।भोर में मंदिर के कपाट खुल गए।सुबह चार बजे महाआरती के बाद मंदिर के गर्भ गृह के दर्शन प्रारंभ हुए।मंदिर परिसर बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

शिव भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल पुष्प, दूध, शहद, गंगाजल आदि से भोलेनाथ का अभिषेक कर बुद्धेश्वर महादेव के दर्शन किये।दोपहर से शुरू हुई बारिश भी भक्तों की आस्था को कम न कर सकी।भक्त बारिश में भीगते हुए आनंद में डूब कर बाबा के दर्शन किए।वहीं मंदिर परिसर में सपेरों का भी जमावड़ा लगा रहा।बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के चौथे बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। मंगलवार देर रात से भक्तों के आने का सिलसिला बुधवार रात 12 बजे तक चलता रहा।पूरा दिन बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन किए।





**धूमधाम से निकली बुद्धेश्वर धाम पग यात्रा :** आज सावन के अंतिम बुद्धवार को अनूप मिश्रा जनसेवक राजा भाई के नेतृत्व में इक्कीसवीं बुद्धेश्वर धाम पग यात्रा का आयोजन जेहटा रोड स्थित मंगल कुटी धाम से बुद्धेश्वर मंदिर मोहान रोड तक यात्रा निकाली गई। दस किलोमीटर लम्बी इस यात्रा मे बग्घी, घोड़े, गाजे बाजे त्रिशूल, डमरू के साथ बम बम भोले की इस यात्रा मे सैकड़ों साधू, संत, महिलाएं और बच्चों का जोश देखते ही बनता था ।यात्रा मे जगह जगह पर पड़ने वाले मंदिरों पर इस यात्रा का संतों द्वारा व्यापक स्वागत एवं जलपान भोजन की व्यवस्था की गई। इस यात्रा मे मुख्य रूप से बाबा मंगल दास श्रेयांश, राजकुमार, बच्चा भइया, अमित भाई, सर्वेश्वर भाई, भोला गिरि, कृष्णानंद राए, अजय मिश्रा, अनिल मिश्रा गुरुजी और साधू संतों का हुजूम शामिल रहा। भगवान शिव के जलाभिषेक के पश्चात श्रद्धालुओ ने अखंड भारत की कामना की। इस यात्रा को प्रातः काल मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्यागिरि महराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## सावन पुत्रदा एकादशी कल, प्रीति योग में होगी श्रीहरि की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सावन पुत्रदा एकादशी का व्रत हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। पुत्रदा एकादशी व्रत साल में दो बार आता है।एक सावन माह में और दूसरा पौष माह में।इस व्रत का इंतजार उन सभी लोगों को होता है, जो संतान की चाह रखते हैं।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि आप सावन पुत्रदा एकादशी का व्रत रखते हैं और विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा करते हैं तो आपको संतान की प्राप्ति हो सकती है।हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 15 अगस्त को सुबह 10 बजकर 26 मिनट से प्रारंभ होगी।इस तिथि का समापन 16 अगस्त को सुबह 9 बजकर 39 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, सावन पुत्रदा एकादशी का व्रत 16 अगस्त शुक्रवार को रखा जाएगा।

**प्रीति योग और मूल नक्षत्र में सावन पुत्रदा एकादशी:** सावन पुत्रदा एकादशी के दिन प्रीति योग दोपहर के समय से है और मूल नक्षत्र दोपहर तक है।16 अगस्त को विष्कम्भ योग 01:12 पी एम तक है, उसके बाद से प्रीति योग बनेगा. मूल नक्षत्र 12:44 पी एम तक है, उसके बाद से पूवार्षाढ़ नक्षत्र है।

**एकादशी व्रत की पूजा-विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। भगवान विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करें। भगवान विष्णु को पुष्प और तुलसी दल अर्पित करें।अगर संभव हो तो इस दिन व्रत भी रखें। भगवान की आरती करें। भगवान को भोग लगाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है।भगवान विष्णु के भोग में तुलसी को जरूर शामिल करें।ऐसा माना जाता है कि बिना तुलसी के भगवान विष्णु भोग ग्रहण नहीं करते हैं। इस पावन दिन भगवान विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की पूजा भी करें।

# एलडीए की व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियां पाने का सुनहरा अवसर

## 17 अगस्त से खुलेगा पोर्टल, 21 सितंबर को होगा ई-ऑक्शन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों की सौगत लेकर आया है। जिसके तहत शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित प्राधिकरण की विभिन्न व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को लोग ई-ऑक्शन में बोली लगाकर ले सकेंगे। इसके लिए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर 17 अगस्त से ई-ऑक्शन पोर्टल खोला जा रहा है।

- 60-60 वर्गमीटर के आवासीय प्लॉट समेत 326 भूखण्ड होंगे उपलब्ध

इस बार का ई-ऑक्शन काफी खास होगा। इसमें 60-60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्डों एवं फ्लैटों के अलावा विभिन्न योजनाओं में स्थित ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, मैरिज हॉल, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन व मिश्रित भू-उपयोग आदि के कुल 326 भूखण्ड उपलब्ध होंगे। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने ई-ऑक्शन के माध्यम से बीते वित्तीय वर्ष में लगभग 2500 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बेची है। अब उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार दिनांक-17.08.2024 से पुनः ई-ऑक्शन पोर्टल खोला जा रहा है। इसके अंतर्गत सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोग 16 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे, जिसके बाद 21 सितंबर को ई-ऑक्शन किया जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एच में नियोजित किये गये 60-60 वर्गमीटर के 103 आवासीय भूखण्ड भी इस ई-ऑक्शन में लगाये गये हैं, जिसकी आरक्षित दर 32955 रुपये प्रति वर्गमीटर है। इसके अलावा गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं में स्थित व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन, आवासीय व मिश्रित भू-उपयोग के भूखण्ड भी इस ई-ऑक्शन के माध्यम से लिये जा सकेंगे।

# चीन से 150 रोड स्वीपिंग मशीनें खरीदेगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन सभी प्रयासों के चलते शहर में 2017 से पीएम10 सांद्रता में 45% की महत्वपूर्ण कमी आई है। इन परिणामों से उत्साहित होकर, लखनऊ नगर निगम चीन से 150 उन्नत सड़क सफाई मशीनें आयात करने की योजना बना रहा है, जो इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली पहल होगी। सीएसआईआर-नीरी की

- वायु गुणवत्ता में होगा सुधार,
- सीएसआईआर-नीरी की प्रधान वैज्ञानिक ने निगम के प्रयासों की सराहना की

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीपांजलि मजूमदार ने नगर निगम के व्यापक दृष्टिकोण और वायु गुणवत्ता में सुधार की सराहना की। लखनऊ नगर निगम की यह पहल वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे अन्य शहरी केंद्रों के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करती हैं। नगर निगम इन उपायों के निरंतर कार्यान्वयन और नई तकनीकों की खोज के माध्यम से लखनऊ की वायु गुणवत्ता में और सुधार लाने का काम कर रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास, हरित पहल और जन भागीदारी को जोड़कर इस समस्या का निवारण होगा। गोमती नगर स्थित एसबीएम कार्यालय में बुधवार को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण को लेकर आयोजित बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से डॉ. दीपांजलि मजूमदार (प्रमुख वैज्ञानिक सीएसआईआर) और डॉ. रोना ओरण, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से डॉ. उमेश शुक्ला क्षेत्रीय अधिकारी और नगर निगम से नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव, पंकज श्रीवास्तव एवं अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने लखनऊ शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे व्यापक प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के अनुसार लखनऊ की जनसंख्या 40,14,289 है और यहां प्रतिदिन लगभग 2000 टन कचरा उत्पन्न होता है। शहर में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों में सड़क की धूल का पुनः उड़ना (80%), निर्माण गतिविधियां (5%), औद्योगिक गतिविधियाँ (3%) और परिवहन (6%) शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में 1188 नए पार्कों का विकास किया गया है, जिससे शहर में कुल पार्कों की संख्या 2800 हो गई है। इनमें यूपी दर्शन और हैप्पीनेस पार्क जैसे प्रतिष्ठित पार्क शामिल हैं। इसके अलावा, शहर में 07 मियावाकी वन लगाए गए हैं और कल्ली पश्चिम में 4.931 हेक्टेयर का आम का बाग विकसित किया जा रहा है। सड़क बुनियादी ढांचे और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया गया है।

धूल नियंत्रण के लिए 08 एंटी-स्मॉग गन और 45 पानी के टैंकरों का उपयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 1250 किलोमीटर सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाता है। इसके अलावा, 09 मैकेनिकल और 08 बैटरी संचालित सड़क सफाई मशीनों से प्रतिदिन 590 किलोमीटर सड़कों की सफाई की जाती है। कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शहर से 98 कचरा संवेदनशील बिंदुओं को हटाया गया है। ब्लैकहोल तकनीक का उपयोग करके उच्च दबाव और तापमान के तहत कचरे को पूरी तरह से नष्ट किया जा रहा है। यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए 155 इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, एक ट्रैफिक कंट्रोल कमांड सेंटर की स्थापना की गई है जो बेहतर समन्वय सुनिश्चित करता है।

# एनईआर के स्टेशनों पर लगायी गयी प्रदर्शनी



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत मण्डल के लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, आनन्दनगर, मैलानी एवं सीतापुर स्टेशनों के परिसर में रेलवे यात्रियों तथा कर्मचारियों के अवलोकनार्थ विभाजन की विभीषिका पर आधारित आज एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगायी गयी।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन वयोवृद्ध सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं समाज सेवियों द्वारा किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में गोरखपुर जं. स्टेशन पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन ललित मोहन राव समाजसेवी द्वारा किया गया। बस्ती स्टेशन पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन रामबहाल शर्मा, भूतपूर्व रेलकर्मी द्वारा किया गया। गोण्डा जं. स्टेशन में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन पंकज श्रीवास्तव सदस्य जेडआरयूसीसी द्वारा किया गया। आनन्दनगर स्टेशन पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन जयप्रकाश लाल पूर्व चेयर मैन एवं अशोक चौरसिया समाज सेवी एवं डा. रामनारायण चौरसिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। सीतापुर जं. स्टेशन पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन कृष्णानन्द तिवारी, समाजसेवी द्वारा किया गया। लखनऊ जं. स्टेशन में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन अरविन्द पाण्डेय/स्टेशन निदेशक द्वारा किया गया।

# कटिहार-अमृतसर के बीच चार फेरों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रेलवे प्रषासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही 05734/05733 कटिहार-अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन कटिहार से 22 अगस्त से 12 सितम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा अमृतसर से 24 अगस्त से 14 सितम्बर प्रत्येक शनिवार को 04 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है।

05734 कटिहार-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी कटिहार से 11.40 बजे प्रस्थान कर नौगछिया, थाना बीहपुर, मानसी, खगड़िया, बेगसूराय, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, दूसरे दिन बस्ती, गोण्डा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, इटावा, अलीगढ़, खुर्जा, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, से 15.07 बज, सहारनपुर, अम्बाला कैण्ट, लुधियाना, जलंधर सिटी, तथा व्यास होते हुए तीसरे दिन अमृतसर 00.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05733 अमृतसर-कटिहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी अमृतसर से 04.25 बजे प्रस्थान कर, व्यास, जलंधर सिटी, लुधियाना, अम्बाला कैण्ट, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, खुर्जा, अलीगढ़, इटावा , कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, दूसरे दिन गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर,बरौनी, बेगूसराय , खगड़िया, मानसी,थाना बीहपुर तथा नौगछिया होते हुए कटिहार 15.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर./डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 14 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## जोधपुर-गोरखपुर के सात फेरों लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर विशेष गाड़ी का संचालन जोधपुर से 15 अगस्त से 26 सितंबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा गोरखपुर से 16 अगस्त से 27 सितम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 07 फेरों के लिए किया जायेगा।04829 जोधपुर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 15 अगस्त से 26 सितम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को जोधपुर से 16.15 बजे प्रस्थान कर मेड़ता रोड,डेगाना जं., छोटी खाटू , डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चुरू , सादुलपुर,दूसरे दिन लोहारू जं., महेन्द्रगढ़, रेवाडी, गुडगांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद , मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद हाते हुए गोरखपुर 20.50 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में 04830 गोरखपुर-जोधपुर विशेष गाड़ी 16 अगस्त से 27 सितम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 23.25 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन मेड़ता रोड होते हुए जोधपुर भोर 04.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 11, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर./डी के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## एक फेरे के लिए चलेगी न्यू तिनसुकिया-भगत की कोठी स्पेशल

लखनऊ रेलवे प्रषासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05919/05920 न्यू तिनसुकिया-भगत की कोठी-न्यू तिनसुकिया विषेष गाड़ी का संचलन न्यू तिनसुकिया से 19 अगस्त को तथा भगत की कोठी से से 23 अगस्त, 2024 को 01 फेरे के लिये बढ़ाया जा रहा है। 05919 न्यू तिनसुकिया-भगत की कोठी विषेष गाड़ी न्यू तिनसुकिया से 19 अगस्त को 12.45 बजे प्रस्थान कर सिमालगुड़ी, मरियानी, फरकटिंग, दीमापुर, दीफू, लामडिंग, होजई, चापरमुख, जागीरोड, गुवाहाटी, दूसरे दिन कामाख्या, रंगिया जं., बारपेटा रोड, न्यू बोंगाईगांव, फकीराग्राम जं., न्यू अलीपुर द्वार, न्यू कूच बिहार, न्यू जलपाई गुड़ी, अलुआबारी रोड, किशनगंज, बरसोई जं., आजमनगर रोड, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर, सोनपुर, छपरा,सीवान, देवरिया सदर, तीसरे दिन गोरखपुर, बस्ती , गोण्डा, बाराबंकी , लखनऊ, हरदोई , शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद , हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली, दिल्ली किशनगंज, शकूरबस्ती, बहादुरगढ़, रोहतक, जिन्द ,नरवाना जं., टोहाना, जाखल जं., बरेट, बुधलाडा, मानसा, मौड़, बठिण्डा जं., मण्डीडबवाली, संगारिया,हनुमानगढ़ जं., पीलीबंगा, सूरतगढ़, महाजन, चौथे दिन लूनकरनसर, लालगढ़, बीकानेर, नोखा, नागौर, मेड़ता रोड, तथा जोधपुर होते हुए भगत की कोठी 07.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05920 भगत की कोठी-न्यू तिनसुकिया विषेष गाड़ी भगत की कोठी से 23 अगस्त को 05.30 बजे प्रस्थान कर चौथे दिन न्यू तिनसुकिया भोर 04.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 11 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 23 कोच लगाये जायेंगे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए चेकिंग स्टाफ सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में आज मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आशुतोष गुप्ता की उपस्थिति में मण्डल में वर्ष 2023-24 के दौरान टिकट जॉच में सर्वाधिक आय देने वाले वाणिज्य विभाग के चेकिंग स्टाफ एवं उनके पर्यवेक्षको को सामूहिक रूप से 25000 रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

- डीआरएम ने दिया नगद धनराशि व प्रशास्ति पत्र

मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने अपने सम्बोधन में उपस्थित पुरस्कार प्राप्तकताओं से कहा कि टिकट चेकिंग कर्मचारियों की सजगता व सदाचरण के साथ कार्य करने से रेलवे का मान सम्मान बढ़ता है। आप आगे भी डियूटी के दौरान इसी उत्साह से कार्य करें। इस अवसर पर मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक अजय कुमार सुमन, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक(एफ.एम) मुकेश कुमार एवं सी.टी.टी.आई मुख्यालय एवं मण्डल के चेकिंग स्टाफ उपस्थित थे।

# छावनी परिषद ने निकाली मोटरसाइकिल रैली



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज छावनी परिषद कार्यालय में आज 14 अगस्त 2024 को अपराह्न 1:30 बजे रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर द्वारा किया गया। इस रैली का शुभारंभ प्रधान निदेशक रक्षा संपदा मध्य कमान श्रीमती भावना सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली में बाइक एवं चार पहिया वाहन शामिल थे। बाइक रैली छावनी परिशद से होते हुए छावनी चिकित्सालय, सदर बाजार, नेहरू रोड, सब्जी मंडी, वाल्मीकि चौराहे से होते हुए छावनी परिषद कार्यालय में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के जयकारे लगाते रहे। यात्रा में एन.वी. सत्यनारायण, निदेशक डी.एन. यादव, निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह, निदेशक, रक्षा संपदा, मध्य कमान, अभिषेक राठौर, मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद लखनऊ, आर.पी. सिंह, उप मुख्य अधिशासी अधिकारी, सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू छावनी परिषद लखनऊ के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व सभासद तथा छावनी परिषद लखनऊ कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# रेल इंजनों पर अंकित किया गया देश के शूरवीरों के नाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आजादी के राष्ट्रीय पर्व के सुअवसर पर इस वर्ष भारतीय रेल द्वारा एक अनूठी पहल की गई है कइस पहल के तहत रेलवे द्वारा अपने लोकोमोटिव (इंजनों) पर देश के शूरवीरों एवं राष्ट्रनायकों का नामकरण करके उनके महान कृत्यों को स्मरण किया जा रहा है कइस दिशा में उत्तर

- इस अनूठी पहल से उनके महान कृत्यों को किया गया याद

रेलवे, लखनऊ मण्डल भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहा है ।जिसके अंतर्गत मण्डल रेल प्रबंधक, एस. एम. शर्मा के मार्गदर्शन में डीजल शेड, आलमबाग, लखनऊ में कुल 21 लोकोमोटिव (इंजनों) का नामकरण करके मण्डल द्वारा गर्व एवं स्वाभिमान के प्रतीक अपने राष्ट्र नायकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कृतज्ञ नमन करते हुए एवं उनके अदम्य साहस, शौर्य,पराक्रम एवं बलिदानों को याद किया जा रहा है कये सभी लोकोमोटिव देश की स्वतंत्रता के कर्णधार शूरवीरों एवं उन अमर



सेनानियों के नाम से अलंकृत होंगे जिन्होंने परमवीर चक्र, महावीर चक्र, अशोक चक्र जैसे अनेक वीरता पुरस्कार प्राप्त किए कइन नामों का क्रमवार ब्योरा इस प्रकार है :- महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी , लाचित बरफूकन, रानी नायकी देवी, रानी अंबिका, मोतीबाई, मेजर सोमनाथ शर्मा, ब्रिगेडियर मो. उस्मान, मेजर जनरल सलीम कालेब, कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह, कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला, मेजर मोहित शर्मा, लेफ्टिनेंट नवदीप सिंह, मेजर मुकुंद वरदराजन, मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, कर्नल जोजन थॉमस, मेजर दिनेश रघु रमन, कैप्टन मान बहादुर राय, लांस नायक अलबर्ट एक्का एवं नायक जदुनाथ सिंह हैं। इस विषय में मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने अवगत कराया कि भारतीय स्वतंत्रता के इन आधार स्तंभों एवं राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अतुलनीय योगदानों एवं त्याग को स्मरण करते हुए लोकोमोटिव (इंजनों )पर उनका नाम अंकित करके उनकी शौर्य गाथा का यशोगान किया जा रहा है एवं इस कार्य द्वारा इन सभी विभूतियों को मण्डल द्वारा अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित की जा रही है।

# सोलर रूफटाप से 25 लाख घरों को मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली

**लखनऊ।** पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, इससे लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। सौर ऊर्जा से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। इसमें 6 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन निजी व सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना करके किया जाएगा। 14 हजार मेगावाट क्षमता की सौर उपयोगिता परियोजनाएं व सोलर पार्क स्थापित किए जाएंगे। राज्य में अभी तक 3871.17 मेगावाट सोलर ऊर्जा संयंत्रों को ग्रिड से जोड़ा जा चुका है। यूपीपीसीएल को बिजली की खुली बिक्री के तहत 2594 मेगावाट की ग्राउंड माउंटेड परियोजना स्थापित की गई। घरों में 375 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं।

## एनएफसीआई कलिनरी के छात्रों ने बनाया पकवान



**लखनऊ।** टेढ़ी पुलिया कुर्सी रोड स्थित एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में फूड कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने विभिन्न फास्ट फूड स्टॉल लगाकर विविध प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत किए। स्टॉल्स में जैसे पकौड़ी, चाय, चाट, चॉकलेट, दही बड़े, मोमोज, बर्गर, लिट्टी के साथ-साथ और भी कई तरह के व्यंजनो को प्रस्तुत किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अंत में प्रबन्ध निदेशक एकता श्रीवास्तव ने सभी छात्रों की मेहनत को सराहना और कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में नेतृत्व और टीमवर्क की भावना बढ़ती है। शाखा प्रबन्धक नवज्योत एवम एनएफसीआई लखनऊ की पूरी टीम उपस्थित थी।

# सपा ने अग्नि पीड़ित दुकानदारों दी गयी आर्थिक मदद



**लखनऊ।** लखनऊ के सदर बाजार की सब्जीमंडी में 04 अगस्त की रात्रि दुकानों में आग लगने के कारण दुकानदारों का आर्थिक नुकसान हो गया था। 06 अगस्त को सपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित व्यापारियों से भेंट की थी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को पार्टी कार्यालय में अग्निकांड से पीड़ित शाहनवाज हुसैन, अफजाल अहमद, अब्दुल वहाब, अशफाक अली, वहाब अली को राजेंद्र चौधरी ने आर्थिक मदद दी। सपा ने सरकार से मांग की है कि गरीब दुकानदारों की आर्थिक मदद सरकार द्वारा भी की जाये। कार्यक्रम में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन भी शामिल रहे। इस अवसर पर पवन मनोचा प्रमुख व्यापारी नेता, सोनू कन्नौजिया पूर्व विधायक प्रत्याशी मलिहाबाद, फखरुल हसन चांद प्रवक्ता सपा, नवीन धवन बंटी पूर्व नगर उपाध्यक्ष, इरशाद हुसैन बस्शू, रूबल सिंह व्यापार मंडल महामंत्री तथा आदर्श सिंह भी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर देश भक्ति के लिए किया प्रेरित

**लखनऊ।** ट्रांस गोमती जनकल्याण महासमिति की ओर से बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में ध्वज वितरण अभियान चलाया गया। पत्रकार पुरम चौराहा गोमती नगर, इस्माइलगंज चौराहा इंद्रानगर, मुंशी पुलिया चौराहा इंदिरानगर, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा अलीगंज में समिति के सदस्य और पदाधिकारियों ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया और देश भक्ति के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष एडवोकेट अभिनव नाथ त्रिपाठी व सचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के 78वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक रूप से झंडे को घर लाना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। हर घर तिरंगा अभियान में मुख्य रुप से महासमिति के उपाध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राय डब्बू, अभय सिंह, सिद्धार्थ शर्मा, विकास शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, पार्षद अरूण राय, संजय सिंह राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष चिनहट कमल पाण्डेय, पूर्व पार्षद रामकुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, व्यावसायिक निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने बुधवार को बीकेटी क्षेत्र में एक अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। इसके अलावा गोमती नगर के विपुल खण्ड में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि वेद प्रकाश तिवारी, रमा शंकर व अन्य द्वारा बख्शी का तालाब में चन्द्रिका देवी रोड पर ग्राम-देवराई कला की भूमि खसरा संख्या-165 पर लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अनियोजित कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में बुधवार को अवर अभियंता भरत पाण्डेय, जाकिर अली, प्रमोद कुमार पाण्डेय व जाकिर अली द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान विकासकर्ताओ की ओर से स्थल पर निर्मित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंट से किये गये चिनाई आदि के कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि अशोक कुमार व नमिता कुमारी की ओर से गोमती नगर के विपुल खण्ड में भूखण्ड संख्या-3/66बी पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय ने परिसर को पूर्व में सील कराया था। वर्तमान में विपक्षियों ने स्थल पर चोरी-छुपे निर्माण/फिनिशिंग का कार्य कराते हुए बिल्डिंग में वर्ल्ड ऑयरन चैम्प नाम से जिम व अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने का प्रयास शुरू कर दिया था। इसके दृष्टिगत परिसर को पुनः सील करने के आदेश पारित किये गये थे।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**तारिक शम्सी**

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. वरूण चैधरी, प्रभारी सीएचसी, चकरनगर, इटावा
अवनीश कुमार राय, जिलाधिकारी, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**जनाब शाहनवाज अतहर**
प्रधानाचार्य-अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल तिकोनियां, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**जनाब साजिद अली अशरफी**
नगर अध्यक्ष- समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, इटावा
नगर अध्यक्ष- ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री मंगल सिंह, वरिष्ठ सर्जन, जिला अस्पताल, इटावा
डा. गीताराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री अनूप शर्मा, वरिष्ठ सर्जन, जिला अस्पताल इटावा
डा. गीताराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा

सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजीव चार्ल्स तिवारी**
(प्रधानाचार्य)
एम.एस. स्कूल
बसई मार्ग फिरोजाबाद रोड टूंडला

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री अमित यादव, कृष्णा फिजियोथेरेपी, पक्का तालाब, जिला अस्पताल इटावा
डा. गीताराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा

सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**चौ. भंवर सिंह**
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद
टूंडला

सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**ललित जैन**
कॉलोनाइजर
प्रॉपर्टी लिंकर्स टूंडला

सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**वीरेंद्र स्वीट कार्नर**
फिरोजाबाद रोड टूंडला
प्रो. वीरेंद्र राना

सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**संदीप यादव**
प्रधान-ग्राम पंचायत रसूलाबाद
ब्लॉक टूंडला (फिरोजाबाद)


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर



15 अगस्त 2024 स्वतन्त्रा दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्भ्रात नगर वासियो से अपील करती है कि

1. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें। तथा नल की टोटी खुली न छोडें।
2. जलमूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
3. अपने घरों का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें।
4. सड़कों पर कूड़ा व गन्दगी न करें।
5. नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
6. नगर को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।
7. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण पालिका कार्यालय में समय से करवायें।
9. अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियॉ फैलने की सम्भावना होती है।
10. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

| (संदीप कुमार सक्सैना) | समस्त | (ताहिरा बेगम) |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | सभासदगण/ | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | कर्मचारीगण | नगर पालिका परिषद |
| नगीना | नगर पालिका परिषद नगीना | नगीना |

पत्रांकः- मैमो/न0पा0परि0नगीना/आर0ओ0/2024-25 दिनांकः- 12-08-2024


RB GROUP OF INSTITUTIONS, AGRA
19 Campuses | 38 Courses | MEDICAL- PARAMEDICAL- NURSING- AGRICULTURE- FORESTRY- EDUCATION- ARTS- SCIENCE- COMMERCE | 25000+ Students
15th AUGUST स्वतंत्रता दिवस
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
MBBS MS MD BAMS
D. PHARM | ANM | GNM | B.SC. (N)
DIPLOMA COURSES
MRI | C.T. SCAN | X-RAY | ORTHO | O.T. | LAB | EMERGENCY | OPTOMETRY | PHYSIOTHERAPY
PHARMACY (AY.) | NURSING (AY.)
- एफ.एच. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
- आर.बी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
- एफ.एच. कॉलेज ऑफ नर्सिंग
- एफ.एच. कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल
- आर.बी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
(Playway to IX & XI)
DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL
ETMADPUR, AGRA
+91 7088370370, +91 7088380380

उपरोक्त कोर्स में प्रवेश हेतु सम्पर्क करें- सेन्ट्रल एडमिशन सेल एफ.एच.एम.सी. कैम्पस, एत्मादपुर रेलवे ओवर ब्रिज के पास, आगरा
8126699981, 9568035426, 7088503041, 9675565559, 7465809066



## डायरिया/दस्त के दौरान बच्चे की देखभाल

- हर दस्त के बाद बच्चे को ओ.आर.एस का घोल पिलाएं।
- बीच-बीच में अन्य तरल पदार्थ जैसे चावल का माड़, छाछ या घर पर बना सब्जियों का सूप दें।
- साफ़-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- दस्त के गंभीर लक्षणों की निगरानी करते रहें।
- दस्त में आराम मिलने पर भी 14 दिनों तक जिंक की गोलियां अवश्य दें।



#StopDiarrhoeaCampaign
डायरिया रोको अभियान के दौरान आशा कार्यकत्री द्वारा हर घर का भ्रमण कर बच्चों की सूची तैयार की जायेगी और ओ.आर.एस व जिंक निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।
Follow us on twitter.com/nhm_up facebook.com/NationalHealthMissionUttarPradesh youtube.com/NHMUPIEC nhm.up

# आजादी को समझें

आजाद भारत की यात्रा आज 77 वर्ष की हो गयी। इस अवसर पर देश अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस बना रहा है। आजादी हमे करीब-करीब एक सदी के संघर्ष और हजारों-लाखों बलिदान के बाद, त्रासद रूप में मिली थी। आज जब देश के प्रधानमंत्री आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर अर्थात 15 अगस्त 2047 में विकसित भारत का सपना देखते हैं और देशवासियों से साझा करते हैं, तो यह समझना चाहिए कि यह मुकाम हासिल करने के लिए देश ने लंबी, ऐतिहासिक, जद्दोजहदपूर्ण और सफलताओं से भरी यात्रा की है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी। इसे यूं कह सकते हैं कि अंग्रेजों भारत को लूट-खसोटकर, 500 से अधिक रियासतों में देश को अलग-थलग कर, दंगा, अकाल और भुखमरी फैलाकर, देश को अनेक टुकड़ों बांटकर चले गये थे। एक तरह से भारत को फिर से खड़ा होना था। वैसे अंग्रेज इस भरोसे गये थे कि भारत संभल नहीं पायेगा। दंगा और अकाल के बीच अस्तित्व खो देगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश ने ऐतिहासिक कुबार्नियां देकर आजादी हासिल की थी। लोग अपने हिसाब से भले यह परिभाषित करें कि हमें आजादी अहिंसा के रास्ते, बिना खड़क, बिना ढाल के मिली, लेकिन ये सच नहीं है। आजादी का सच बहुत भयावह है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई लड़ी गयी थी जिसे अंग्रेजों ने कुचल दिया था। हजारों लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहादत दी। उसके ठीक नब्बे साल बाद अर्थात 1947 में भारत ने आजादी की सुबह देखी, तो इस तरह पहली लड़ाई से लेकर 15 अगस्त 1947 तक, कुल नब्बे साल तो सीधे-सीधे अंग्रेजों के साथ संघर्ष ही चला। लेकिन उससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह हो रहे थे। अगर उनको भी जोड़ लें तो वास्तव में आजादी का संघर्ष दो शताब्दी से भी अधिक चला और इसमें लाखों-लाख लोग मारे गये। आजादी से ठीक एक साल पहले 16 अगस्त 1946 को जिन्ना ने देश को बांटने के लिए डायरेक्ट एक्शन डे मनाया और एक-दो दिन में ही देश में इतनी हिंसा हुई, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गये। यह तो आंकड़ा है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है, क्योंकि जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता की सड़कें लाशों से पट गयी थीं। ऐसे जिन्ना को देश के टुकड़े कर भेंट देने के बजाय, उसको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन उस समय हमारे कर्णधारों को जो अच्छा लगा वैसा किया। जिन्ना तब देश का सबसे विकसित क्षेत्र पंजाब और सिंध के साथ उस पूर्वी बंगाल को भी ले गये जिसकी सीमा, सभ्यता-संस्कृति और जुबान पाकिस्तान से भिन्न थी। जिन्ना ने पहले देश को हिंसा की आग में धकेला, फिर देश को विभाजित किया, फिर कश्मीर पर कब्जे का प्रयास किया। जिन्ना के बाद उनका देश भारत से लड़ता रहा। चार बार सीधे-सीधे आक्रमण किया और पराजित होकर अब चार दशक से आतंकवाद के रूप में छद्म युद्ध लड़ रहा है। भारत से लड़ते-लड़ते जिन्ना का मजहबी पाकिस्तान आज दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। अंग्रेजों, जिन्ना व पाकिस्तान के द्वारा पैदा की गयी चुनौतियां, हिंसा, अशिक्षा, गरीबी और भुखमरी की भयावह स्थितियों से उबरते हुए आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है जहां दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका भी भारत से संबंध प्रगाढ़ करने को उत्सुक है, रूस भरोसेमंद दोस्त मानता है और चीन ताकतवर दुश्मन मानता है। ये स्थितियां यूं ही नहीं बनी हैं। इसके पीछे भारत की सात दशक लंबी तपस्या है। पाकिस्तान, चीन ने युद्ध थोपकर हमे सैन्य शक्ति बनने के लिए प्रेरित किया, अमरीका ने अनाज देने के नाम पर पीएल-480 के जरिए हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया, तो हमारे किसानों ने हरित क्रांति से जवाब दिया। नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों ने हमारे लिए आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। विकसित भारत का सपना अब करीब है। लेकिन भ्रष्टाचार, जाति, सम्प्रदाय एवं लोक लुभावन राजनीति, सीमा पर तनाव और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं, हमे इनसे पार पाना होगा।



विकसित भारत की राह में भ्रष्टाचार, लोकलुभावन राजनीति और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती भी है।

# छोटे उद्यम के कंधे पर विकसित भारत का सपना



मनोहर मनोज

केंद्र सरकार एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय) सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाने की बात कर रही है, इसीलिए इस बार के बजट में सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए कई प्रोत्साहनों और स्कीमों घोषणा की है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो एमएसएमई की राहें अभी भी आसान नहीं हैं। औद्योगिक प्लॉट, पूंजी, तकनीक, मशीनरी, प्रशिक्षण, कच्चे माल की आपूर्ति, बिजली, परिवहन, मार्केट आर्डर तथा सबसे ऊपर बड़े देशी विदेशी उद्योग से मिलने वाली प्रतियोगिता, ये तमाम बाधाएं किसी भी छोटे कारोबारी के लिए बड़े कारोबारी से ज्यादा कठिन होती हैं। देखने में आता है कि देश के अनेक छोटे उद्यमी कुछ सालों तक व्यवसाय करने के बाद उपरोक्त बाधाओं के आगे घुटने टेक देते हैं। इस बार के बजट में एमएसएमई यानी छोटे, लघु व मध्यम उद्योग को आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का आधार मानकर उसे प्रोत्साहन देने के हर संभव उपाय घोषित किये गए हैं।

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमे युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक संबल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने आदि में इनकी भूमिका बड़ी मानी जा रही है। दूसरा देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार, आमदनी, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा विकास के विकेन्द्रीकरण इन सभी को ध्यान में रखकर एमएसएमई अब सरकार द्वारा विकास की आगामी ब्यूह रचना का एक बेहद महत्वपूर्ण अवयव माने जा रहे है। यही वजह है कि अभी लघु मध्यम उद्योग को लेकर हो रहे विमर्श में अब कई नये पहलू जुड़ गए हैं। मसलन स्वरोजगार, स्टार्ट अप, कौशल विकास, सहकारी क्षेत्र उद्यमी, खाद्य प्रसंस्करण, रुफ टौप सोलर पैनल, हथकरघा, स्व-सहायता समूह व लखपति दीदी, आदिवासी ग्राम विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आवास विकास योजना इत्यादि कई शब्दावलियां, स्कीमें व वित्तीय योजना एमएसएमई के विराट इकोसिस्टम में समाहित कर दी गई हैं। इस बार के बजट में ये बात भलीभांति देखने में आयी है कि सरकार लघु मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल, मशीनरी, फायनेंस, मार्केट, प्रशिक्षण और राजकोषीय प्रोत्साहन इन सभी सुविधाओं का एक बहुस्तरीय प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने को लेकर काफी गंभीर है। इसके तहत सरकार द्वारा एमएसएमई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया गया है। जैसे कि छोटे उद्योग के तहत निवेश सीमा मौजूदा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, लघु उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 10 करोड़ से बढाकर 50 करोड़ तथा मध्यम उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 50 करोड़ से बढ़ाकर 250 करोड़ कर दी गयी है।



> नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम है।

## एसएमई को औद्योगिक इकोसिस्टम की दरकार

इस क्रम में नयी घोषणा ये है कि सेवा और विनिर्माण उद्योग को उनकी निवेश सीमा के मुताबिक पूरे तौर पर एमएसएमई के मातहत रख दिया गया है जिसकी सारी सुविधाएं और प्रोत्साहन इन्हें प्रदान की जायेंगी। तीसरी महत्वपूर्ण घोषणा ये है कि एमएसएमई सेक्टर को दिये गए सभी सप्लाई आर्डर का भुगतान 15 दिन तथा अधिकतम 45 दिन के अंदर करना होगा अन्यथा आर्डर देने वाले फर्म की टीडीएस कर देनदारी जब्त कर ली जाएगी। चौथी बात ये की गई है कि किसी मैन्यूफैक्चरिंग एमएसएमई को मशीनरी खरीदने के लिए क्रेडिट गारंटी लोन बिना किसी कोलेटरल या थर्ड पार्टी की गारंटी के प्राप्त होंगी। इसी क्रम में मोदी सरकार की बहुप्रचारित मुद्रा लोन योजना में दी जाने वाली अधिकतम ऋण सीमा दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख कर दी गई है। इस लोन को तीन श्रेणियों मसलन शिशु किशोर वयस्क में बांटा गया है जिससे अलग अलग लेवल के स्वरोजगार व्यवसाय को बढावा दिया जा सके। एमएसएमई को लेकर इन सारे उपायों पर एक सरसरी निगाह डाली जाये तो इसमें दिक्कत बस ये दिखती है कि एमएसएमई सेक्टर को लेकर इस समय सरकार के पास एक नहीं अनेक चैनल व एजेंसियां हैं, लेकिन इनमें आपस में तादात्मय स्थापित होना बाकी है। मिशाल के तौर पर एमएसएमई मंत्रालय के अलावा केंद्र सरकार के कौशल विकास मंत्रालय, युवा विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, योजना मंत्रालय सभी एक तरह से छोटे उद्योगों के नोडल एजेंसी के बतौर कार्यरत हैं। इन के अलावा श्रम मंत्रालय व वित्त मंत्रालय अपनी अपनी तरफ से परामर्श, दिशा-निर्देश व प्रोत्साहन प्रदान करते रहते हैं। राज्य सरकारों की भी अपनी संस्थाएं और स्कीमें अलग हैं। ऐसे में एमएसएमई में पंजीयन से लेकर तमाम सरकारी सहयोग व सुविधाओं का एक विंडो बनाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम देश में छोटे, लघु व मध्यम उद्योग की एक पूरी तस्वीर का अवलोकन करें तो देश में पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की कुल संखया 3.64 करोड़ है जिनसे करीब 16 करोड़ लोगों की आजीविका चल रही है और यह हमारी कुल श्रमशक्ति का करीब 40 फीसदी है। इनमें देश के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के कुल उत्पादन का 38 फीसदी तथा निर्यात क्षेत्र का 45 फीसदी योगदान है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इसका कुल योगदान देखें तो यह 30 फीसदी है। बताते चलें कि 1990 के दशक में नयी आर्थिक नीति के बाद यह बहस तेजी से छिड़ी कि उदारीकरण व भूमंडलीकरण से देश के बचे छोटे मध्यम उद्योग बड़े उद्योग के साये तले मिट जाएंगे या उनकी प्रतियोगिता में नहीं टिक पाएंगे। लेकिन छोटे, लघु व मघ्यम श्रेणी के उद्योगों ने देश की अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनाये रखी बल्कि उत्पादन, रोजगार और निर्यात में भी अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाये रखी। घरेलू औद्योगिक पटल पर जहां बड़े उद्योग के मातहत मध्यम उद्योग भी टिके रहे, मध्यम उद्योग के मातहत लघु उद्योग भी टिके रहे और लघु उद्योग के मातहत छोटे उद्योग भी टिके रहे। सेवा व्यापार क्षेत्र में यदि शॉपिंग मॉल आए तो छोटे किराना दुकानदार भी अस्तित्व में रहे।

नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम हैं, बहुस्तरीय लाइसेंसिंग प्रणाली मौजूद है और इंसपेक्टर राज के साथ स्थानीय पुलिस की हफतावसूली भी बदस्तूर कायम है। जब सरकार ने रियल इस्टेट क्षेत्र को लेकर ये स्पष्ट आदेश दिया है कि इसमें पुलिस की दखलंदाजी निषिद्ध होगी तब जाकर यह क्षेत्र उत्पीड़न से बचा। कहना होगा कि मोदी सरकार की मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेन्स अभी भी जमीन पर नहीं उतर पाई है। हालांकि पिछले तीन दशक में लघु मध्यम उद्योग पहली बार सरकार की प्राथमिकता में अपनी महत्ता हासिल कर रहे है। उम्मीद है कि इस बार की बजट घोषणा में एमएसएमई सेक्टर को लेकर की गईं नयी कानूनी व नीतिगत पहल भारत की अर्थव्यवस्था में इसे एक नया स्वरूप प्रदान करने में मददगार साबित होगी।

## सोशल मीडिया

14 अगस्त 1947 को अर्थात आजादी से एक दिन पहले जब विभाजन की त्रासदी हो रही थी, उस समय 10 लाख हिन्दू एक साथ काटे गये थे। हिन्दू सिख सब एक साथ काटे गये। सीएम योगी.



भाजपा के अंदर आपस में विचारों का विलय नहीं हो रहा, और दावे दुनिया भर के, आप लखनऊ की कुर्सी पर ध्यान दें, जिसे दिल्ली वाले विलय ही नहीं विलीन भी करने वाले हैं। अखिलेश यादव.



एससी/एसटी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से आज मुलाकात की और इन समुदायों के कल्याण व सशक्तीकरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराया। पीएम मोदी.



# प्रदीप के एक गीत ने हिला दिया था अंग्रेजी सरकार को



जंग-ए-आजादी

कैलाश सिंह

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान फिल्म 'किस्मत' ऐसे समय रिलीज हुई थी, जब 'भारत छोड़ो आंदोलन' चल रहा था और देश के लगभग सभी राष्ट्रवादी नेता सलाखों के पीछे थे। कवि प्रदीप ने बहुत होशियारी के साथ इस फिल्म के लिए 'आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है' गीत लिखा। चूंकि इस गीत में 'जर्मन व जापानी' शब्दों का प्रयोग हुआ था (शुरू हुआ है जंग तुम्हारा जाग उठो हिन्दुस्तानी/तुम न किसी के आगे झुकना जर्मन हो या जापानी/आज सभी के लिए हमारा यही कौमी नारा है/दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है) इसलिए ब्रिटिश शासक इससे धोखा खा गये, विशेषकर इस वजह से भी कि वह दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी व जापान के विरुद्ध लड़ रहे थे और सेंसर बोर्ड ने इस गीत को पास कर दिया। लेकिन गीत के पहले बंद (दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है। जहां हमारा ताजमहल है और कुतुबमीनार है/जहां हमारे मंदिर मस्जिद सिखों का गुरुद्वारा है/इस धरती पर कदम बढ़ाना अत्याचार तुम्हारा है/दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है) से ही भारतीय दर्शक समझ गये थे कि यह अंग्रेजों के विरोध में व भारतीयों में देश प्रेम जागृत करने के लिए लिखा गया है, इसलिए वह सिनेमा घरों में इस गीत को बार बार चलाने की मांग करते थे। देशभर के थिएटरों में 'वंस मोर, वंस मोर' के नारे गूंजते और जनता को संतुष्ट करने के लिए रील को रीवाउंड करके गीत को कई बार सुनाया जाता था। 'किस्मत' ने उस समय का बॉक्स ऑफिस इतिहास रच दिया कि एक सिनेमाघर में तो साढ़े तीन साल तक चली।

बहरहाल, ब्रिटिश सरकार को जल्द ही अपनी चूक का एहसास हो गया कि गीत के असल अर्थ तो कुछ और हैं और प्रदीप के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी कर दिए गये। गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रदीप को भूमिगत होना पड़ा। इस गीत का उल्लेख करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरु ने अपने संस्मरणों में लिखा है, 'प्रदीप जी दूरदर्शी थे, उन्होंने चित्रपट की क्षमता को पहचानकर एक सशक्त माध्यम के रूप में उसका इस्तेमाल किया।' प्रदीप ने एक अवसर पर पंडित नेहरु से कहा था, 'देशभक्ति के गीत लिखना मेरा रोग है, मैं इस रोग से ग्रस्त हूं।' इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि देश की आजादी के बाद भी प्रदीप नये जोश के साथ देशभक्ति के गीत लिखते रहे। इसलिए फिल्म 'जागृति' में उन्होंने महात्मा गांधीजी के सम्मान में यह गीत लिखा- 'दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल' और नेहरू जी के सम्मान में उनका यह गीत 'हम लायें हैं तूफान से किश्ती निकाल के' को आज भी बाल दिवस (14 नवम्बर) को विशेषरूप से गाया जाता है।

एक दिलचस्प बात यह है कि 'जागृति' को 1956 में रफीक रिजवी ने पाकिस्तान में 'बेदारी' के नाम से बनाया और प्रदीप के गीतों में बेशर्मी से पाकिस्तानी प्रतीकों को ठूंस दिया, मसलन प्रदीप का गीत है 'आओ बच्चो तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की' को 'आओ बच्चो सैर कराएं तुमको पाकिस्तान की' कर दिया गया। रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी के रूप में प्रदीप का जन्म 1915 में उज्जैन के निकट बादनगर में एक मध्यवर्गीय औदीच्य ब्राह्मण परिवार में हुआ था। प्रदीप को अपने छात्र दिनों से ही कविता करने का शौक था, जिसमें उस समय अधिक निखार आया जब वह लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक की डिग्री के लिए अध्ययन कर रहे थे और विख्यात कवि बालभद्र प्रसाद दीक्षित के बड़े बेटे गिरिजा शंकर दीक्षित के संपर्क में आये, जो स्वयं अच्छे कवि थे। प्रदीप शिक्षक बनने का प्रयास कर रहे थे कि 1939 में उन्हें बॉम्बे में एक कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया, जहां बॉम्बे टॉकीज के हिमांशु राय ने उन्हें सुना और अपनी फिल्मों में गीत लिखने के लिए आमंत्रित किया। फलस्वरूप प्रदीप बॉलीवुड में गीतकार हो गये, बॉम्बे में ही रहने लगे और देशभक्ति से भरे उनके गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विशेषरूप से अधिक पसंद किये जाने लगे। एक दिलचस्प किस्सा 1962 के भारत-चीन युद्ध से जुड़ा है। प्रदीप ने परमवीर मेजर शैतान सिंह भाटी के बारे में सुना था। वह उनकी कुर्बानी व बहादुरी से इतने प्रभावित हुए कि 'ए मेरे वतन के लोगों' गीत की रचना कर बैठे, जो देश का सबसे महान देशभक्ति गीत बना, जिसे लिखने के लिए प्रदीप को भारत सरकार ने राष्ट्रीय कवि घोषित किया।

# श्रद्धा का स्वरूप

अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है।

सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है। श्रद्धा या आस्था के अनेक स्वरूप हैं और हरेक स्वरूप मानवीय जीवन को उत्कृष्ट बनाता है और सामाजिक जीवन को जीवंत करता है।

# अहा कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!

व्यंग्यलोक

इन दिनों मैं भी प्यार का इजहार करने के इसी सेल्फियाना तरीके का प्रेमी चल रहा हूं। जब कुत्तों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। जब गधों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ भी सेल्फी ले लेता हूं। जब अपनी तरह के रंगे सियारों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। अब आप ही बताइए कि प्रेम के सेल्फियाना दौर में सूफीयाना प्रेम कैसे संभव होगा भला? अबके भी हर उत्सव, महोत्सव की तरह इधर आजादी का महोत्सव भी आया। उत्सव हो या महोत्सव, माफ कीजिएगा, अपने शहर में सब अब बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ फेसबुक पर ही मनाये जाते हैं। बाकि तो छोड़िए, अब तो मरने वाले के साथ तक हर्षोल्लास के साथ सेल्फी लेने के दिन आ गए हैं। अपनों और अपने उत्सवों के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए मन में प्रेम नहीं, अपने मोबाइल से उत्सव के संग सेल्फी लेने की कुशल तकनीक होनी चाहिए बस! प्रेम, श्रद्धा, भक्ति तो अब बीते जमानों के शब्द हो गये हैं। जिसके पास यह तकनीक जितनी बेहतर है वह अपनों, अपनी परंपराओं, उत्सवों के संरक्षण में उतना ही माहिर। वैसे मैं आजादी के उत्सव का महीना आने से पहले ही दूसरे सारे जरूरी काम स्थगित कर सोचने लग गया था कि अबके किसके साथ सेल्फी ले अपने फेसबुक अकाउंट पर डालूं। देश को आजाद करवाने वालों के साथ या फिर तिरंगे के साथ। या फिर देश को चरने-चराने वाले की तस्वीर के साथ। फिर सोते सोचते मैंने सोचा कि आजादी के महोत्सव वाले दिन तिरंगे के साथ वाली सेल्फी ही अच्छी रहेगी। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाया था, उनको आज जानते ही कितने हैं? वे भी नहीं जानते जो उनकी बीजी फसल जनता के हाथों में दराटियां दे काट रहे हैं। सो मैंने फाइनली तय किया कि तिरंगे के साथ सेल्फी ले उसे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर मैं भी देशभक्त हो जाऊं। यह दूसरी बात है कि आजादी के इस दिन के आसपास अबके पहले से अधिक फेसबुक पर देशभक्तों की बाढ़ आ गई है। फेसबुक के सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। जो रात को देश को पूरा चाट कर सो रहे हैं वे सुबह अव्वल दर्जे के देशभक्त बन फेसबुक पर कुल्ला, जीभमंजन कर रहे हैं। गूगल पर तिरंगों की फोटुओं की भीड़ में मैंने अपने थोबड़े से बेस्ट सूट करता तिरंगा डाउनलोड़ कर सेव किया और फिर उसे फोटोशॉप पर जाकर अपने माथे पर, गालों पर, छाती पर कट पेस्ट कर लगा लिया। बस, अब इसे फेसबुक पर डालने की देर थी। इधर मैंने पूरी मुस्तैदी से तिरंगे के साथ वाली अपनी फोटों फेसबुक पर डाली कि उधर से मेरी देशभक्ति को लेकर मेरी जमात के फेसबुकिया देशभक्तों का समुद्र उमड़ पड़ा। आह! कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!



अशोक गौतम

## विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

-महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

-रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा-तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

- महावीर.

## आप की बात

### महिलाओं को धुंए से आजादी

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों में बढ़ते गड्ढे

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**




संक्षेप

## नदीम को मिली 25 करोड़ की इनामी राशि

इस्लामाबाद। ओलंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम को मंगलवार को कुल 25 करोड़ रुपये (आठ लाख 97 हजार डॉलर) की इनामी राशि मिली जबकि पाकिस्तान ने पेरिस खेलों में उनके रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन का जश्न मनाना जारी रखा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में नदीम के सम्मान में आयोजित एक विशेष समारोह में इस स्टार एथलीट को 15 करोड़ रुपये (पांच लाख 38 हजार डॉलर) देने की घोषणा की। शरीफ ने यह घोषणा पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के मियां चन्नू जिले के एक गांव में नदीम के घर जाने और उन्हें 10 करोड़ रुपये (तीन लाख 59 हजार डॉलर) का चेक सौंपने के कुछ घंटों बाद की।

## ऑस्ट्रेलिया ए से हारा भारत ए

मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया)। मध्य क्रम की बल्लेबाजों राघवी बिष्ट और तेजल हसब्निस के अर्धशतक के बावजूद भारत ए महिला क्रिकेट टीम को बुधवार को यहां पहले एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार विकेट से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत ए के 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए ने केटी मैक (129 रन, 126 गेंद, 11 चौके) के शतक और कप्तान ताहिला मैकग्रा (56) के अर्धशतक से 47 ओवर में छह विकेट पर 250 रन बनाकर जीत दर्ज की। केटी ने साथी सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (27) और चार्ली नॉट (26) के साथ अर्धशतकीय जबकि कप्तान ताहिला के साथ शतकीय साझेदारी करके मेजबान टीम की जीत की राह आसान की। भारत ने इससे पहले राघवी की 102 गेंद में छह चौकों से 82 और तेजल की 67 गेंद में सात चौकों से 53 रन की पारी से नौ विकेट पर 249 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए तेज गेंदबाज मेघना सिंह और स्पिनर मीनू मनि (53 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए।

## इंडिपेंडेंस डे कैंपेन केडीएम भारत का चार्जर शुरू

नई दिल्ली। केडीएम ने अपना इंडिपेंडेंस डे कैंपेन केडीएम भारत का चार्जर को शुरू कर दिया है जो केडीएम मोबाइल फोन चार्जर से मोबाइल फोन को चार्ज चार्ज करने का ध्यान रखते हुए देश की प्रगति को दर्शाता है आज मोबाइल फोन प्रगति का उपकरण है जिसका देश की आर्थिक हालत में योगदान होता है और कोई भी केडीएम चार्जर की तरह मोबाइल को चार्ज नहीं करता है इसलिए केडीएम सही मायने में भारत का चार्जर है जो आपके मोबाइल और अर्थव्यवस्था दोनों को चार्ज करता है। भारत 2047 तक विकसित भारत की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, मेक इन इंडिया के साथ-साथ हमें मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र के साथ भी आगे बढ़ना चाहिए।

## क्यूनेट इंडिया की गिफ्ट गाइड के साथ मनायें रक्षाबंधन

नई दिल्ली। हार्दिक उपहारों के आदान-प्रदान के माध्यम से भाई-बहनों के बीच अटूट बंधन का जश्न मनाने वाला सदियों पुराना त्योहार रक्षाबंधन जैसे-जैसे करीब आ रहा है, कई लोग उत्सुकता से अपने प्रियजनों को खास महसूस कराने के लिए परफेक्ट गिफ्ट की तलाश में हैं। कुछ सार्थक लेकिन सहजता से सुरुचिपूर्ण खोजने के महत्व पर जोर देते हुए, इस खास मौके के लिए हम आपके लिए लाए हैं कुछ लक्जरी गिफ्ट्स की रेंज जो भाई-बहन के प्यार और परंपरा को बखूबी दर्शाती है। जिसमें ओरिटसु डिनरवेयर, काइरोस ओनिक्स एमएस, किन्नरी निला इस मौके की खूबसूरती को और बढ़ायेंगा।

## 'ये मेरी फैमिली' सीजन 4 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

मुंबई। अमेजन मिनीटीवी ने मामाअर्थ के सहयोग से पेश की जाने वाली सीरीज, 'ये मेरी फैमिली' के चौथे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 90 के दशक की याद दिलाने वाली इस सीरीज के नए सीजन का प्रीमियर 16 अगस्त को होने वाला है। 1995 के मानसून की कहानी बयां करने वाले सीजन 4 में अवस्थी परिवार के रोजमर्रा के रोमांचक कारनामों के साथ-साथ बड़े ही प्यारे भाई-बहन, ऋषि और रितिका के बीच के चंचल और दिल को छू लेने वाले रिश्ते को भी दिखाया जाएगा।

# दलीप ट्राफी खेलेंगे गिल, पंत व राहुल



एजेंसी

नयी दिल्ली। सीनियर स्टार खिलाड़ी जैसे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन को बेंगलुरु में पांच सितंबर से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में खेलने से छूट मिली है जबकि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस प्रतियोगिता के लिए चार टीम का चयन करते हुए घरेलू मुकाबलों में प्रदर्शन करने वाले और स्थापित प्रतिभाओं के बीच बढ़िया संतुलन बनाया है। इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्टार जैसे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, आल राउंडर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खेलते नजर आयेंगे। टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी चुना गया है जिन्होंने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। सूर्यकुमार के अलावा अन्य ने टीम में जगह पक्की कर ली है। भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य विकेटकीपर ऋषभ पंत भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। 2022 में हुई कार दुर्घटना से वापसी के बाद यह उनका पहला लाल गेंद वाला टूर्नामेंट होगा। वहीं एक अन्य विकेटकीपर ईशान किशन भी इसमें खेलेंगे जिन्हें पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता देने और रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में नहीं खेलने के लिए, बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंधित सूची से हटा दिया गया था। भारत की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में अहम भूमिका निभाने वाले सरफराज खान और ध्रुव जुरेल के अलावा विकेटकीपर आर्यन जुयाल और अभिषेक पोरेल भी टीमों में शामिल होंगे। भारतीय खिलाड़ियों कां केवल एक ही मैच खेलना था इसलिये कोहली, रोहित, बुमराह और अश्विन को छूट दी गयी। पीटीआई ने इस छूट के बारे में 16 जुलाई को खबर दी थी। सूर्यकुमार टूर्नामेंट में रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम सी का हिस्सा हैं जिसमें दो युवा तेज गेंदबाज अंशुल खंबोज और हिमांशु चौहान भी शामिल हैं। मोहम्मद सिराज और जडेजा टीम बी में शामिल होंगे जिसमें पंत, यशस्वी जायसवाल और वाशिंगटन सुंदर भी शामिल हैं जबकि शुभमन गिल टीम ए की अगुआई करेंगे जिसमें कुलदीप, केएल राहुल, शिवम दुबे और रियान पराग मौजूद हैं। पराग के अलावा गोलपारा में जन्मे आकाश सेनगुप्ता टूर्नामेंट में खेलने वाले असम के अन्य क्रिकेटर हैं। वह टीम डी का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व श्रेयस अय्यर करेंगे और इसमें ईशान किशन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और अन्य खिलाड़ी भी शामिल होंगे। पेट के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव अभी तक फिट नहीं हो पाए हैं और इस टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे। नीतिश कुमार रेड्डी की भागीदारी भी फिटनेस पर निर्भर है। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने हैं जिसका पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में शुरू होगा।



# भारत के नये गेंदबाजी कोच बने मोर्ने मोर्कल



नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को भारतीय क्रिकेट टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को पीटीआई को इसकी पुष्टि की। इसके साथ ही नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। समझा जाता है कि पारस म्हाम्ब्रे की जगह लेने वाले 39 साल के मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंत तक नियुक्त किया गया है। शाह ने बताया, हां, मोर्ने मोर्कल को सीनियर भारतीय पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। गंभीर के सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्य सहायक कोच अभिषेक नायर और क्षेत्ररक्षण कोच रेयान टेन डोएशे हैं। मोर्कल नए मुख्य कोच गंभीर की पहली पसंद थे। दोनों ने आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स में साथ काम किया है। मोर्कल ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 86 टेस्ट, 117 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल 544 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाए।

# केरल व हिमाचल के लिए चैरिटी मैच करायेगा एआईएफएफ

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) प्राकृतिक आपदाओं की तबाही का सामना करने वाले केरल और हिमाचल प्रदेश में राहत कार्य के लिए धन जुटाने हेतु दो चैरिटी फुटबॉल मैचों का आयोजन करेगा। एआईएफएफ पहला चैरिटी मैच 30 अगस्त को केरल के मलप्पुरम में कोलकाता की टीम मोहम्मद स्पोर्टिंग क्लब और एक सुपर लीग केरल एकादश के बीच कराने का प्रयास कर रहा है।



एआईएफएफ ने दूसरा चैरिटी मैच दो सितंबर को लखनऊमें कराने का प्रस्ताव रखा है। देश में खेल की संचालन संस्था इस मुकाबले को लेकर संभावित क्लबों के संपर्क में है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने विज्ञप्ति में कहा, मुझे खुशी है कि भारत के सबसे पुराने क्लबों में से एक मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने मानवता के लिए हमारे प्रस्ताव पर तुरंत सहमति जता दी। हम लखनऊमैच के लिए दो क्लबों से बातचीत कर रहे हैं। दोनों राज्य विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे हैं। केरल के वायनाड में 30 जुलाई को कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ जिसमें जान और माल का काफी नुकसान हुआ। हिमाचल प्रदेश में भी पिछले सप्ताह भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है।

**मैंने डेविस कप कोच पद से इस्तीफा दे दिया : जीशान अली**

नयी दिल्ली। जीशान अली ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टॉकहोम में स्वीडन के खिलाफ भारतीय टीम के अगले मुकाबले से पहले राष्ट्रीय डेविस कप टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। जीशान अली ने पीटीआई से कहा, मैंने डेविस कप टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। जीशान (54 वर्ष) 2013 में नयी दिल्ली में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबले से पहले नंदन बाल की जगह टीम के कोच बने थे। उन्होंने कहा, मैं 11 साल से डेविस कप टीम का कोच रहा हूं। सबसे बड़ी बात मैं इस साल के शुरू में पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये ऐतिहासिक मुकाबले में डेविस कप कप्तान भी था।

## विजेता वेकिच सिनसिनाटी में एशलिन से हारी

मेसन (ओहियो)। ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अपने पहले ही मैच में डोना वेकिच को मंगलवार को यहां सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में एशलिन क्रूगर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एशलिन ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-7, 7-6, 6-2 से जीत दर्ज की। एशलिन ने क्वालीफाइंग में नाओमी ओसाका जैसी खिलाड़ी को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई और फिर पहले ही दौर में क्रोएशिया की 16वीं वरीय वेकिच को हराया। वेकिच पेरिस ओलंपिक में महिला एकल के स्वर्ण पदक के मुकाबले में झेंग किनवेन के खिलाफ हार गईं थी। पुरुष वर्ग में ब्रेंडन नाकाशिमा ने 11वें वरीय टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर उलटफेर किया जबकि 12वें वरीय बेन शेल्टन ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में रिली ओपेल्का को 7-6, 7-6 से शिकस्त दी।

# पेरिस में स्वर्ण पदक जीतना चाहिए था : श्रीजेश

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने वाले भारतीय हॉकी स्टार पीआर श्रीजेश ने कहा कि तोक्यो में जीता गया कांस्य पदक पेरिस में जीते गए पदक से ज्यादा उनके दिल के करीब है क्योंकि तीन साल पहले ऐसा लगा कि दशकों तक सुनने के बाद कोई पौराणिक कहानी सच हो गई। पेरिस में भारत के अभियान के अंत के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने वाले 36 वर्षीय गोलकीपर श्रीजेश इस बार पदक के रंग से थोड़े निराश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। मंगलवार को यहां मुख्यालय में श्रीजेश से जब यह मुश्किल फैसला करने के लिए कहा गया तो उन्होंने संपादकों से कहा, निश्चित रूप से तोक्यो क्योंकि हमने लंबे समय के बाद ओलंपिक पदक जीता था। पहले हम सुनते थे कि ओलंपिक पदक का क्या मतलब होता है क्योंकि हॉकी में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक का समृद्ध इतिहास रहा है लेकिन यह कभी हमारे हाथ में नहीं आया। इसलिए जब हमने इसे पहली बार जीता तो वह एक शानदार पल था। उन्होंने अंतर स्पष्ट करते हुए कहा, उस समय हम पदक जीतने को लेकर सुनिश्चित नहीं थे लेकिन इस बार हम शीर्ष छह में थे और किसी भी टीम को हराने में सक्षम थे। लेकिन (तोक्यो में) पदक विजेता बनना एक सपना था। तोक्यो खेलों के लिए जाने से पहले भारत की हॉकी टीम ने 41 वर्षों में कोई ओलंपिक पदक नहीं जीता था। पेरिस में टीम के शीर्ष दो में रहने की उम्मीद थी जिसके कारण टीम के तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीतने के बावजूद थोड़ी निराशा हुई और श्रीजेश इससे सहमत थे। श्रीजेश ने कहा, इस बार हमें उम्मीद थी कि हम (नंबर) एक होंगे। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी निराशा है (स्वर्ण नहीं जीतना), यह स्वर्ण पदक होना चाहिए था। बड़ा अंतर यह है कि वहां (तोक्यो में) मैं खुश था लेकिन यहां मैं ऐसा था। श्रीजेश ने कंधे उचकाते हुए कहा क्योंकि वह पेरिस में प्रदर्शन को लेकर अपनी भावनाओं को सही शब्दों में व्यक्त करने में असमर्थ थे। वह पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी बने। पेरिस खेलों का कांस्य भारत का हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक है। 1972 के बाद यह पहला मौका था जब देश ने हॉकी में लगातार दो पदक जीते। करिश्माई गोलकीपर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक में पूरे समय अपनी भूमिका को लेकर दृढ़ थे और उन्हें यादगार विदाई मिली।



## अर्थ

# सेंसेक्स में 150 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 150 अंक चढ़ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वहां के बाजारों में तेजी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 149.85 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,105.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 272.91 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी मामूली 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,143.75 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू बाजार एक सीमित दायरे में रहा। आईटी सूचकांक बढ़त में रहा। यह अमेरिका में आज जारी होने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े के बेहतर रहने की उम्मीद को दर्शाता है। इससे फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश बढ़ सकती है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सबसे ज्यादा 2.3 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। वहीं, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद खनन शेयरों में गिरावट रही। शीर्ष अदालत ने खनिज संपन्न राज्यों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 वर्ष में चरणबद्धत तरीके से रॉयल्टी तथा कर पर एक अप्रैल, 2005 से बकाया लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने लगायी एनसीएलटी के आदेश पर रोक

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने के आदेश को निरस्त करने के एनसीएलएटी के फैसले पर बुधवार को रोक लगा दी।



यह मामला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ बायजू के प्रायोजन सौदे से संबंधित 158.9 करोड़ रुपये के भुगतान में चूक का है। बायजू का संचालन करने वाली मूल कंपनी थिंक एंड लर्न को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के दो अगस्त को आए फैसले से बड़ी राहत मिली थी। उसमें कंपनी के संस्थापक बायजू रवींद्रन को फिर से नियंत्रण में ला दिया था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने एनसीएलएटी के फैसले को प्रथम दृष्टया अविवेकपूर्ण करार देते हुए उसके क्रियान्वयन पर स्थगन आदेश दे दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने बायजू के अमेरिका-स्थित कर्जदाता ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की अपील पर बायजू और अन्य को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम (एनसीएलएटी के) फैसले पर रोक लगा रहे हैं। यह अविवेकपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने बीसीसीआई को निर्देश दिया कि वह बायजू से समझौते के बाद प्राप्त 158 करोड़ रुपये की राशि को अगले आदेश तक एक अलग एस्क्रो खाते में रखे।

# सरकार की खनिजों के विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देने की योजना

नयी दिल्ली। सरकार की योजना लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के विकास के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देने की है। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन पर बजट संगोष्ठी के दौरान संयुक्त खान सचिव वीना कुमारी डरमल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों से कर्ज हासिल करने पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में वैश्विक अनुसंधान एवं विकास सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी। विदेशों में परिसंपत्तियों के अधिग्रहण में भारतीय सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार खनन व निकासी बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए लक्षित सब्सिडी प्रदान करेगी।

# उद्यम पूंजी, निजी इक्विटी निवेश भारी गिरावट

मुंबई। उद्यम पूंजी (वीसी) और निजी इक्विटी (पीई) कोषों का भारतीय इकाइयों में निवेश इस वर्ष जुलाई में तेजी से घटकर 2.7 अरब डॉलर रह गया है। उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए और परामर्श कंपनी ईवाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, यह निवेश पिछले महीने जून के 4.6 अरब डॉलर से 42 प्रतिशत तथा पिछले साल जुलाई के 4.1 अरब डॉलर आंकड़े से 35 प्रतिशत कम है। दिलचस्प बात यह है कि सौदों की संख्या एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 68 से बढ़कर 81 हो गई। इससे पता चलता है कि सौदों का आकार कम हुआ है। कंपनी के भागीदार विवेक सोनी ने कहा, साल 2024 की दूसरी छमाही की शुरुआत कमजोर रही है। उम्मीद है कि पीईवीसी निवेशक सतर्क रुख अपनाएंगे क्योंकि वैश्विक अनिश्चितताओं, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक दबाव को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं, जिससे निवेशकों का अतिरिक्त पूंजी लगाने का भरोसा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट इस क्षेत्र के लिए कुल मिलाकर सकारात्मक रहा है।, तथा एंजल कर हटाने से स्टार्टअप क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई, 2024 में 10 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के बड़े सौदों की संख्या घटकर छह रह गई।

# 58 जिलों के 2184 छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति



लखनऊ। केनरा बैंक ने आज लखनऊ स्थित अंचल कार्यालय में डॉ आंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लखनऊ अंचल के 58 जिलों के 2184 अनुसूचित जाति जनजाति की छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस मौके पर अनुसूचित जाति आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य तूफानी प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन, बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ के साथ साथ केनरा बैंक के महाप्रबंधक राजीव कुमार एवं अन्य बैंक के अधिकारीगण मौजूद रहे। केनरा बैंक अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संगठन के केंद्रीय सचिव योगेंद्र कुमार, अंचल सचिव जितेंद्र एवं अन्य ने भी शिरकत की।

# देश का निर्यात घटकर 33.98 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत का वस्तुओं का निर्यात तीन महीने सकारात्मक दायरे में रहने के बाद जुलाई में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 34.39 अरब डॉलर था। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

आंकड़ों के अनुसार, देश का आयात जुलाई में लगभग 7.45 प्रतिशत बढ़कर 57.48 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 53.49 अरब डॉलर था। इस दौरान कच्चे तेल, चांदी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात प्रमुख रूप से बढ़ा है। कच्चे तेल का आयात 17.44 प्रतिशत बढ़कर जुलाई में 13.87 अरब डॉलर हो गया, वहीं चांदी का आयात 439 प्रतिशत उछाल के साथ 16.57 करोड़ डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, व्यापार घाटा जुलाई में 23.5 अरब डॉलर रहा है। इसी साल जून में यह 21 अरब डॉलर और पिछले साल जुलाई में 19.3 अरब डॉलर था। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं। सेवा निर्यात पिछले साल के 778 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा।

# फ्लिपकार्ट ने मनाया भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने आज अपने प्रमुख सेल इवेंट क्राफ्टेड बाय भारत के आठवें संस्करण का एलान किया। फ्लिपकार्ट समर्थ की पहल के अंतर्गत इस सेल इवेंट का आयोजन भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को किया जाएगा। यह आयोजन भारत की जीवंत संस्कृति एवं समृद्ध विरासत को समर्पित है, जिसमें देशभर से सांस्कृतिक रूप से प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 25,000 से ज्यादा उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया।

# हेयरस्टाइलिस्ट आलिम ने दिये ग्रूमिंग के टिप्स

नई दिल्ली। आज के दौर में ग्रूमिंग सिर्फ आपकी सुंदरता तक ही सीमित नहीं है। यह बुनियादी साफ-सफाई से बढ़कर खुद को अभिव्यक्त करने और आत्मविश्वास दिखाने का एक बेहद ही अहम हिस्सा बन गया है। पुरुषों के लिए, ग्रूमिंग में ज्यादातर स्किनकेयर से लेकर दाढ़ी को अच्छे से मेंटेन रखने की आदतें शामिल होती हैं। नेशनल मेन्स ग्रूमिंग डे 16 अगस्त को मनाया जाता है। ये एक खास मौका होता है, जोकि पुरुषों के जीवन में ग्रूमिंग का महत्व समझाता है।

## निसान ने किया कर्नाटक में नेटवर्क का विस्तार

बेंगलुरु। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज बेंगलुरु में तीन नए टचपॉइंट की लॉन्चिंग के साथ अपने नेटवर्क में टचपॉइंट्स की संख्या 273 पर पहुंचने का एलान किया। बेंगलुरु में दो शोरूम और एक सर्विस वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया है। भारत में निसान के नेटवर्क में नए सेल्स एवं सर्विस टचपॉइंट्स का जुड़ना भारतीय बाजार एवं यहां के मूल्यवान ग्राहकों के प्रति कंपनी की बढ़ती प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ग्राहकों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने की रणनीति की दिशा में यह कंपनी का उल्लेखनीय कदम है। इन टचपॉइंट्स के उद्घाटन से ब्रांड की पहुंच बढ़ेगी और ग्राहकों के लिए निसान की सर्विसेज तक पहुंचना सुगम होगा। इससे जुबिलेंट मोटर वर्क्स और निसान मोटर इंडिया के बीच संबंधों को भी मजबूती मिली है।

## डीएसपी म्यूचुअल ने लॉन्च किया निफ्टी टॉप 10 ईक्वल वेट इंडेक्स फंड और ईटीएफ

नई दिल्ली। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने भारत का पहला निफ्टी टॉप 10 ईक्वल वेट इंडेक्स फंड और ईटीएफ लॉन्च किया है, जो निफ्टी में फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर टॉप 10 भारतीय कंपनियों में समान रूप से निवेश करता है।

डीएसपी निफ्टी टॉप 10 ईक्वल वेट इंडेक्स फंड और डीएसपी निफ्टी टॉप 10 ईक्वल वेट ईटीएफ का उद्देश्य पि/ई रेशियो, रिटर्न ऑन इक्विटी, और रिटर्न ऑन एसेट्स जैसे मेट्रिक्स पर आधारित निफ्टी 50 और निफ्टी 500 की तुलना में टॉप 10 स्टॉक्स के तुलनात्मक रूप से बेहतर मूल्यांकन का फायदा उठाना है। जबकि हम छोटे और मिड-कैप शेयरों में निवेशकों की बढ़ती आमद देख रहे हैं, लेकीन बहुत बड़े और मेगा कैप शेयरों को अपेक्षाकृत अधिक आकर्षक मूल्यांकन स्तरों की ओर बढ़ते देखा जा रहा है। जहां अपेक्षाकृत कम मूल्यांकन और सुरक्षा का मार्जिन है। वहा निवेश करना हमेशा बेहतर होता है।

## एलडीएल व कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बादाम

नई दिल्ली। रक्षाबंधन से त्योहारों की शुरूआत होती है। यह भाई-बहन के प्यार का त्योहार है। पकवान बनाने में बादाम जैसी सेहतमंद चीजों को शामिल करना भी सुनिश्चित करें। बादाम काफी पौष्टिक होती हैं। वे ब्लड शुगर लेवल्स को मैनेज करने, एलडीएल और टोटल कोलेस्ट्रॉल को कम करने, दिल की बढ़िया सेहत बनाये रखने और कुल मिलाकर तंदुरुस्ती में मदद कर सकती हैं। एक्ट्रेस सोहा अली खान ने रक्षाबंधन मनाने के लिये अपना तरीका बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन मेरे और मेरे परिवार के लिये एक बेहद खास दिन है।

## वेलस्पन स्टोर लॉन्च

झांसी। इनोवेटिव होम टेक्सटाइल सॉल्युशन में प्रमुख कंपनी वेलस्पन भारत भर के टीयर 1 और 2 शहरों में अपने एक्सक्लूसिव (फ्रैंचाइजी ओन्ड फ्रैंचाइजी ऑपरेटेड ) स्टोरों के साथ अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य के व्यस्त सदर बाजार, झांसी में स्थित, यह स्टोर वेलस्पन के प्रतिष्ठित ब्रांड के तहत होम टेक्सटाइल सॉल्युशन के लिए एक प्रीमियम स्टोर के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। फ्रैंचाइजी ओन्ड फ्रैंचाइजी ऑपरेटेड मॉडल में, एक्सक्लूसिव सिंगल-ब्रांडेड स्टोर होते हैं जो फ्रैंचाइजी द्वारा स्वामित्व और संचालित होते हैं, जिससे वेलस्पन अपनी पहुंच का विस्तार कर सकता है, अपने दर्शकों से जुड़ सकता है और झांसी सहित विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं को हाई क्वालिटी वाले होम टेक्सटाइल प्रोडक्ट प्रदान कर सकता है।

संक्षेप

## कानून की छात्रा पर तेजाब फेंकने को लेकर प्रदर्शन

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में कानून की एक छात्रा पर दो युवकों ने तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में छात्रा और एक वकील झुलस गया। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। वहीं घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने अदलत में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग उठायी। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि माधोटांडा थाना क्षेत्र स्थित रमपुरा फकीरे गांव की रहने वाली एलएलबी तृतीय वर्ष की छात्रा पिंकी अपने गांव के ही एक अधिवक्ता ओमप्रकाश के साथ मंगलवार को पीलीभीत की एक स्थानीय अदालत आई थी, जहां वे काम खत्म होने के बाद अपने घर लौट रही थी। उन्होंने बताया कि गजरौला थाना क्षेत्र के माला रेंज के जंगल मार्ग पर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवकों ने उन पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब के छींटे से छात्रा का चेहरा झुलस गया। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश पर भी तेजाब की छींटे पड़ी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पीड़िता के मुताबिक, वह हमलावरों को नहीं देख पाई और उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है।

## भारत से संबंध प्रगाढ़ करने को उत्सुक बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के साथ मिलकर काम करना और द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाना चाहती है। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने बुधवार को यह बात कही। हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में रहते हुए दिया गया सार्वजनिक बयान बेहतर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नहीं है। हुसैन ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात के बाद यह बात कही। बैठक के दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। बांग्लादेश में हाल में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है और अल्पसंख्यकों व मंदिरों पर हमले हुए हैं। हुसैन ने बैठक के दौरान कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ मिलकर काम करना और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना चाहता है। हुसैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों समेत विभिन्न समुदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग की सरकार गिरने और अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वर्मा और तौहीद की यह पहली मुलाकात थी। नौकरियों में आरक्षण प्रणाली को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री हसीना पद से इस्तीफा देकर पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं।

# केंद्रीय और राज्य बलों के लिए 1,037 पुलिस पदकों की घोषणा

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने बुधवार को केंद्रीय एवं राज्य बलों के 1,037 पुलिस कर्मियों के लिए सेवा पदक की घोषणा की।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार 214 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें एक राष्ट्रपति वीरता पदक (पीएमजी) और 231 वीरता पदक (जीएम) शामिल हैं। जीएम में अग्निशमन कर्मियों के लिए चार और नागरिक सुरक्षा कर्मियों के लिए एक पदक शामिल है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को सर्वाधिक 52 वीरता पदक, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 31 वीरता पदक दिए जाएंगे। इनके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 17-17, छत्तीसगढ़ के 15 और मध्य प्रदेश के 12 पुलिसकर्मियों



को वीरता पदक प्रदान किए जाएंगे। बहादुरी के लिए सर्वोच्च पुलिस सम्मान तेलंगाना पुलिस के हेड कांस्टेबल चादुवु यादैया को देने की घोषणा की गई है। उन्हें 25 जुलाई 2022 को दो कुख्यात चेन झपटमारों और हथियार तस्करों को पकड़ने में असाधारण वीरता का परिचय देने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों अपराधियों ने पुलिसकर्मी पर क्रूरतापूर्वक हमला किया और उसके पूरे शरीर पर चाकू से लगातार वार किया लेकिन पुलिसकर्मी ने उन्हें बचकर भागने नहीं दिया। पुलिसकर्मी इन हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे 17 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। अन्य पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए 94 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 729 पदक शामिल हैं। इन पदकों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है। दूसरी बार इन पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी।

# शाह ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा



## जीत के लिए राज्य की जनता का आभार जताया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए बुधवार को राज्य के लोगों का आभार जताया। यह त्रिपुरा के लोगों की जीत है। खबरों के मुताबिक, त्रिपुरा पंचायत चुनावों में भाजपा 5,883 सीटों पर विजयी हुई है। राज्य में 6,370 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ था। पार्टी ने पंचायत समिति की 404 सीटें और जिला परिषद की 113 सीटें भी जीती हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए त्रिपुरा की जनता का हार्दिक आभार। यह जीत उनकी है। मैं मुख्यमंत्री माणिक साहा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य और हमारे कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विकासोन्मुखी पहल को आम लोगों तक पहुंचाने के उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं।

नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कहा कि यह देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले नायकों को याद करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान की दो वर्ष पहले शुरुआत की थी, जिसमें नागरिकों से अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और अपनी सेल्फी सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया गया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूरा देश तिरंगामय हो रहा है। आज नयी दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा लहरा कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले नायकों को याद किया। तिरंगा करोड़ों देशवासियों की एकता, निष्ठा व गौरव का प्रतीक बन अनंत काल तक लहराता रहेगा। गृह मंत्री ने पिछले सप्ताह सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश के कोने-कोने में आजादी का संदेश सक्रियता से फैलाने को कहा था।

# अदालत ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री को पद से हटाया

बैंकॉक। थाईलैंड की एक अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में बुधवार को प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। अदालत के आदेश ने थाई राजनीति में हलचल मचा दी है।

संवैधानिक न्यायालय ने श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया जिसे अदालत के एक अधिकारी को रिश्वत देने के मामले में जेल की सजा हुई थी। अदालत ने श्रेथा के खिलाफ 5:4 के बहुमत से फैसला दिया। संसद जब तक नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं करती तब तक कैबिनेट कार्यवाहक आधार पर बनी रहेगी। संसद को इस पद पर नियुक्ति के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। श्रेथा ने अप्रैल में कैबिनेट फेरबदल में पिचित चुएनबान को प्रधानमंत्री कार्यालय के मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। पिचित को 2008 में अदालत की अवमानना के मामले में तब छह महीने की जेल हुई थी जब उन्होंने कथित तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा से जुड़े एक मामले में एक न्यायाधीश को 20 लाख बाहत (55 हजार अमेरिकी डॉलर) की रिश्वत देने की कोशिश की थी। इस घटना पर जब विवाद फिर से शुरू हुआ तो नियुक्ति के कुछ सप्ताह बाद पिचित ने पद से इस्तीफा दे दिया।

# सीबीआई के 18 अधिकारी पुलिस पदक से सम्मानित

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस पदक से सम्मानित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 18 अधिकारियों में संघीय जांच एजेंसी के इंटरपोल से जुड़े दो अधिकारी भी शामिल हैं। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि छह अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि 12 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक दिया गया है।

बयान में कहा गया कि विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार के., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक- नरेश कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार और मुकेश कुमार तथा हेड-कांस्टेबल रामजी लाल जाट तथा राजकुमार को प्रदान किया गया है। तमिलनाडु कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) के संयुक्त निदेशक विजयेंद्र बिदारी को सराहनीय सेवा के



लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। आईपीसीयू इकाई इंटरपोल के साथ समन्वय करती है और दिल्ली में प्रत्यर्पण मामलों तथा ऐसे अन्य मुद्दों पर नजर रखती है। बिदारी को तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु विरोधी आंदोलन के शांतिपूर्ण समाधान में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। महाराष्ट्र कैडर के उनके बैच के सहकर्मी मोहम्मद सुवेज़ हक को भी सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। वह फ्रांस के ल्योन में इंटरपोल की काउंटर टेररिज्म कैपेबिलिटी इकाई के सहायक निदेशक के रूप में तैनात हैं। उन्होंने एनआईएसीएल, शत्रु संपत्ति के संरक्षक, राज्य व्यापार निगम, सीमा शुल्क, आयकर और रेलवे आदि में भ्रष्टाचार के मामलों एवं कदाचार की जांच की निगरानी की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथागत वरदान, पुलिस उपाधीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, निरीक्षक दर्शन सिंह, सहायक पुलिस निरीक्षक सत्यजीत हलदर, हेड-कांस्टेबल लालता प्रसाद, सुभाष चंद, ओंकारदास वैष्णव, सादी राजू रेड्डी, कांस्टेबल शिवकुमार सुब्रमण्यन और स्टेनो ग्रेड-। संपदा संजीव रेवनकर को भी सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

# हसीना और अन्य पर नरसंहार का आरोप

ढाका। बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष बुधवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और कई अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई, जिसमें उन पर अपनी सरकार के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर आंदोलन के दौरान नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया गया।

यह शिकायत उन छात्रों में से एक के पिता की ओर से दर्ज कराई गई थी, जिसकी विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। उच्चतम न्यायालय के एक वकील ने नौवीं कक्षा के छात्र आरिफ अहमद सियाम के पिता बुलबुल कबीर की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई, जिसकी पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने



जांच एजेंसी के उप निदेशक अताउर रहमान के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा, हमने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, जांच पूरी होने पर, हम अगली प्रक्रिया के लिए न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक कार्यालय को रिपोर्ट सौंपेंगे। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, शिकायत में हसीना तथा कई अन्य लोगों पर नरसंहार और मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया गया है। यह शिकायत ऐसे समय में दर्ज कराई गई जब अंतरिम सरकार ने कहा कि एक जुलाई से पांच अगस्त के बीच की अवधि में की गई हत्याओं की सुनवाई अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा की जाएगी। शिकायत में 76 वर्षीय हसीना और अन्य पर 15 जुलाई से पांच अगस्त के बीच सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। एजेंसी को शिकायतों की जांच करनी होगी और फिर आईसीटी-बांग्लादेश के समक्ष मामला दर्ज करना होगा, जिसका गठन मूलरूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों का साथ देने वाले बांग्ला भाषी अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए किया गया था। शिकायत में हसीना की अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल, पूर्व सूचना एवं प्रसारण कनिष्ठ मंत्री मोहम्मद अली अराफात समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का नाम भी शामिल है। पांच अगस्त को हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के आंदोलन से शुरू हुई हिंसा के तीन सप्ताह के दौरान मरने वालों की संख्या 560 हो गई है।

# डोडा में आतंकी हमला, सेना का कैप्टन शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को एक अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन शहीद हो गए और एक आतंकी मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हुई इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया।

हालिया समय में जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर-डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में यह चौथी मुठभेड़ है। अधिकारियों ने बताया कि शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया, इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। एक एके 47 बरामद की गई है। ऑपरेशन जारी रहने के दौरान रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। पुलिस ने भी एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से चार बैग मिले हैं जिनमें खून लगा है। इससे शुरुआत में यह माना गया कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही वहां से एम-4 कार्बाइन भी बरामद की गई हैं। हालाकि एक ही आतंकी के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन अभियान की निगरानी के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ अस्सार क्षेत्र पहुंचे। डोडा के दौरे से पहले एडीजीपी ने दोपहर करीब दो बजे जम्मू में पत्रकारों को बताया कि ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन जारी है। प्रयास जारी हैं। सेना ने अधिकारी की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि सेना शोक संतप्त परिवार के साथ है। सेना ने कहा कि व्हाइट नाइट कोर के सभी सैनिक बहादुर कैप्टन दीपक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के बाद आतंकवादी उधमपुर जिले के पटनीटॉप के पास के जंगल से डोडा में घुस आए। अधिकारियों के अनुसार उधमपुर में मंगलवार शाम करीब छह बजे सुरक्षाबलों को आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला था।

## पेज एक का शेष

### खारिज की जानी

देने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के शब्दों को उद्घृत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए और राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक कि उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो। उन्होंने कहा, राजनीतिक लोकतंत्र की निरंतर प्रगति से सामाजिक लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में की गई प्रगति की पुष्टि होती है। समावेशी भावना, हमारे सामाजिक जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है। अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ, हम एक राष्ट्र के रूप में, एकजुट होकर, एक साथ, आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने समावेश के साधन के रूप में सकारात्मक कार्वाई को मजबूत किए जाने पर बल देते हुए कहा, मैं दृढ़ता के साथ यह मानती हूं कि भारत जैसे विशाल देश में, कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा। भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, यह सफलता किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है। देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाबासाहब आंबेडकर तथा भगत सिंह और चंद्रशेखर आज़ाद जैसे अनेक महान जननायकों को याद किया।

तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, लक्ष्मण नायक और फूलो-झानो जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन था, जिसमें सभी समुदायों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, हम अपने संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमारे नव-स्वाधीन राष्ट्र की यात्रा में गंभीर बाधाएं आई हैं। न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों पर दृढ़ रहते हुए, हम इस अभियान के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि भारत, विश्व-पटल पर अपना गौरवशाली स्थान पुनः प्राप्त करे।

राष्ट्रपति ने 2024 के आम चुनावों का भी उल्लेख किया और कहा कि इसमें लगभग 97 करोड़ मतदाताओं ने हिस्सा लिया।

### कांग्रेस की

कि हम सभी प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने इतिहास के काले अध्यायों से पर्दा उठाकर गलतियों के परिमार्जन के लिए रास्ता बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कथित सेक्युलरिस्ट ने आजादी के बाद बांटो और राज करो की राजनीति को प्रोत्साहित किया है। इन लोगों ने अंग्रेजों से सत्ता प्राप्त की लेकिन यह भारत की सत्ता का नेतृत्व नहीं कर रहे थे बल्कि अंग्रेजों के मानस पुत्रों के रूप में इन्होंने सत्ता का संचालन किया। उसी का दुष्परिणाम अखंड हिंदुस्तान ने चुकाया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जो किसी युग में नहीं हुआ, वह कांग्रेस की सत्ता के प्रति अभिलिप्सा ने विभाजन की त्रासदी के रूप में प्रस्तुत किया और स्वतंत्र भारत को ऐसा नासूर दिया, जिसका दंश आज भी भारत आतंकवाद, उग्रवाद व अलगाववाद के रूप में झेल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व ने दृढ़ता का परिचय दिया होता तो दुनिया की कोई ताकत इस अप्राकृतिक विभाजन को मूर्त रूप नहीं दे पाती। मुख्यमंत्री ने कहा, कि क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को स्वतंत्र कराने की दिशा में विदेशी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ आजादी की लड़ाई लड़ी थी। जब उसकी पूर्णता का समय आया तो इस सनातन राष्ट्र को विभाजन की त्रासदी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, कि जो गलतियां इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमारे सामने कैद हैं, वही गलतियां चुनाव के समय राजनीतिक दल करते हैं। जो पहले जातिवाद के नाम पर होता था, वही कारनामे आज राजनीतिक दलों के स्तर पर किए जा रहे हैं। चेहरे- तिथि बदली है, लेकिन घटनाओं का स्वरूप वही है। योगी ने कहा कि जाति, क्षेत्रीय, भाषाई विभाजन से उबरकर हमें राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करना होगा। आदित्यनाथ ने कहा कि जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजन करने वाले उन ताकतों से सतर्क रहकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के बारे में सोचना होगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश के विभाजन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। इस त्रासदी और समय-समय पर धोखे के लिए कांग्रेस जनता से माफी नहीं मांगेगी। कांग्रेस को जब भी अवसर मिला, लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया। इससे पहले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ नेतृत्व में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर लखनऊ में विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल से शुरू हुई, जहां योगी ने पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पदयात्रा का समापन लोकभवन पर हुआ। पदयात्रा में योगी व अन्य नेता हाथ में तख्तियां थामे चल रहे थे, जिन पर बंटवारे की त्रासदी झेलने वाले लोगों की पीड़ा बयां करते नारे लिखे हुए थे। इसमें बताया गया है कि लोकभवन पहुंचने पर योगी ने विभाजन की विभीषिका पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, बलवीर सिंह औलख, विधायक योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, अनूप गुप्ता, उमेश द्विवेदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### ईडी के नये

अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक के लिए की गई है।

ईडी निदेशक केंद्र सरकार में अतिरिक्त सचिव (एएस) रैंक का पद है और नवीन को पिछले साल दिसंबर में एएस के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। नवीन (57) नवंबर 2019 में विशेष निदेशक (ओएसडी) के रूप में ईडी में शामिल हुए थे, ताकि वह धनशोधन के खिलाफ कार्वाई का नेतृत्व करने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा भारत के पारस्परिक मूल्यांकन के संबंध में एजेंसी के काम का नेतृत्व कर सकें। आईआईटी कानपुर से बी.टेक और एम.टेक तथा मेलबर्न के स्वाइनबर्न प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एमबीए की पढ़ाई करने वाले नवीन को पिछले वर्ष 15 सितंबर को अपने पूर्ववर्ती संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद ईडी का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया था। मिश्रा के करीबी माने जाने वाले नवीन के ईडी के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में कार्यकाल के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अलग-अलग धन शोधन मामलों में चर्चित गिरफ्तारियां हुईं। अंतरराष्ट्रीय कराधान मामलों के विशेषज्ञ नवीन बिहार से संबंध रखते हैं और उन्होंने 30 वर्ष तक आयकर विभाग में काम किया। 2004 से 2008 के बीच अंतरराष्ट्रीय कराधान विंग में उनके कार्यकाल के दौरान आयकर विभाग ने वोडाफोन मामले समेत कई विदेशी लेनदेन पर सवाल उठाए थे। संदेशखली में ईडी टीम पर हमला होने के बाद नवीन पश्चिम बंगाल पहुंचे थे और उन्होंने जांचकर्ताओं से बिना किसी डर के काम करने और एक ठोस मामला तैयार करने को कहा था। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नवीन ने यह सुनिश्चित किया कि एजेंसी की टीमों को सशस्त्र कर्मियों की पूर्ण सुरक्षा मिले और इसके कार्यालयों को भी अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा दी जाए। अधिकारी ने कहा उन्होंने एजेंसी को धन शोधन रोधी कानून और अन्य कानूनों के तहत दर्ज सभी मामलों में समय पर आरोप पत्र दाखिल करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### नीट-एसएस की

सहमति जताई कि हर साल, लगभग 40 प्रतिशत परीक्षार्थी, जो नीट-एसएस परीक्षा देते हैं, स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के वर्तमान बैचों से संबंधित होते हैं।

एनएमसी के वकील ने कहा कि कोविड-19 की वजह से 2021 के बजाय 2022 में शुरू हुए पीजी चिकित्सा पाठ्यक्रम जनवरी 2025 में समाप्त होंगे और यदि इस साल नीट-एसएस परीक्षा कराई गई तो इस पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी इसमें भाग लेने से वंचित रह जाएंगे। पीठ ने कहा, 2021 के पीजी बैच (जिनका पाठ्यक्रम जनवरी 2022 में शुरू हुआ था और जनवरी 2025 में समाप्त होगा) के छात्र इस अवसर का लाभ उठाने से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी कि उम्मीदवारों के दो बैच नीट-एसएस 2025 परीक्षा में एक समान सीट के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे... प्रतिद्वंद्विता के दृष्टिकोण को समझने के बाद, एनएमसी की दलीलों को अस्वीकार करना संभव नहीं है। पीठ ने इस बात को संज्ञान में लिया कि याचिकाकर्ता पहले भी नीट-एसएस परीक्षा में शामिल हो चुके हैं और इसलिए, उनके साथ पक्षपात नहीं किया जाएगा। उसने कहा, दूसरी ओर, यदि नीट-एसएस 2024 में आयोजित की जाती है, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी कि जनवरी 2025 में उत्तीर्ण होने वाले छात्र नीट-एसएस परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे... याचिकाकर्ताओं के लिए कठिनाई की स्थिति हो सकती है, लेकिन एनएमसी के हलफनामे के आलोक में कठिनाई की इस स्थिति को संतुलित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने डॉक्टर राहुल बलवान समेत 13 चिकित्सकों द्वारा दाखिल याचिका पर 19 जुलाई को एनएमसी को नोटिस जारी किया था। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- सुपर स्पेशियलिटी (नीट-एसएस) में एमडी, एमएस और डीएनबी जैसी स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले या सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इसी तरह की अन्य पात्रता रखने वाले चिकित्सक शामिल हो सकते हैं। खबरों के अनुसार यह परीक्षा जनवरी 2025 में आयोजित की जा सकती है।

# आबकारी नीति घोटाला : न्यायालय का भ्रष्टाचार मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा, हम कोई अंतरिम जमानत नहीं दे रहे हैं। हम नोटिस जारी करेंगे।

इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तारीख तय की गयी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को पांच अगस्त को बरकरार रखा था और कहा था कि सीबीआई के कृत्यों में कोई दुर्भावना नहीं है, जिसने दिखाया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख कैसे उन गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, जो उनकी गिरफ्तारी के बाद ही गवाही देने का साहस जुटा सकते हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल ने आबकारी नीति तैयार करने और इसके क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था जिसके बाद 2022 में इस नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गयीं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाए गए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com


15 अगस्त
स्वतन्त्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रजेश भुवनेश
कोल्ड स्टोरेज
इटावा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


KRIBHCO
KRIBHCO
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड
राज्य विपणन कार्यालयः टी.सी., 28-वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)


केनरा बैंक
Canara Bank
A Government of India Undertaking
Together We Can
78वें
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
15 अगस्त 2024
कन्या शिक्षा, राष्ट्रीय प्राथमिकता
एवं केनरा बैंक का संकल्प
डॉ. अम्बेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति
प्रतिभावान अ.जा. / अ.ज.जा. छात्राओं हेतु
छात्रवृत्ति राशि सम्पूर्ण भारत की प्रतिभावान
अ.जा. / अ.ज.जा. छात्राओं में वितरित की जायेगी।
वितरण स्थल प्रधान कार्यालय
26 अंचल कार्यालय
177 क्षेत्रीय कार्यालय
7,457 शाखाएँ संपूर्ण भारत में
अंचल कार्यालय, लखनऊ
*शर्तें लागू
90760 30001
1800 1030
www.canarabank.com


BABU BANARASI DAS
EDUCATIONAL GROUP
BBDNIIT(056) - CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054) - CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
Engineering
Management
Pharmacy
Dental Science
Education
Architecture
Applied Sciences
Hotel Management
Legal Studies
Computer Applications
Humanities & Social Sciences
Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in
BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship)
M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity)
Student's Mall & Cafeteria
Transport & Health Services
Lord Siddhi Ganesha Temple
In Campus Bank and ATM
AC & Non-AC Hostels
BCCI Approved Cricket Stadium
BBD 90.8FM Channel
24x7 Campus Security
Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)


शुभकामनाओं
सहित
साहू ग्रुप
ऑफ
कम्पनीज
मीराबाई मार्ग
हजरतगंज
लखनऊ
SAHU
SAHU GROUP
SINCE 1952


कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर
हर घर तिरंगा अभियान
श्री नरेन्द्र मोदी जी
मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार
श्री विजय कुमार दुबे जी
मा. सांसद-कुशीनगर
श्री मनीष जायसवाल जी
मा. विधायक- पडरौना
श्री अरविंद शर्मा जी
विकास के पथ पर अग्रसर नगर पालिका परिषद पडरौना
परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज
मा. मुख्यमंत्री, उ. प्र. सरकार
नगर पालिका परिषद पडरौना की तरफ से स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
"आओ सब मिलकर हर घर में तिरंगा लहराएं"
उमेश मिश्रा
जिलाधिकारी, कुशीनगर
वैभव मिश्रा
अपर जिलाधिकारी कुशीनगर
संतराम सरोज
अधिशासी अधिकारी
विनय जायसवाल अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पडरौना
सम्मानित सभासदगण
1. रंजीता देवी
2. मालती
3. विश्वनाथ प्रताप सिंह
4. संजय
5. कयामुद्दीन
6. बलवन्त
7. अंजू देवी
8. मैनुद्दीन
9. उषा
10. अंशु
11. प्रवीण
12. कमलावती
13. तबस्सुम जहां
14. सीता
15. गीता
16. सौरभ कुमार सिंह
17. अमानुल्लाह
18. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव
19. एबादुल्लाह
20. संतोष
21. ज्ञान कुमार चौहान
22. शहनाज
23. अविनाश
24. शारदा
25. बबलू


सरस्वती एजूकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट
सरस्वती मेडिकल कालेज
सरस्वती हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
सरस्वती एविएशन एकेडमी
सरस्वती कालेज ऑफ फार्मेसी
डा0 सुधीर गिरी
अध्यक्ष/ट्रस्टी
विजेंद्र सिंह
सचिव/ट्रस्टी
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
उपलब्ध सुविधाएँ
आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
डायलिसिस सुविधा
जनरल फिजिशियन
सभी प्रकार के ऑपरेशन सुविधा
बाल एवं शिशु रोग चिकित्सा
महिला एवं प्रसूति रोग चिकित्सा
हड्डी रोग चिकित्सा/घुटने-कूल्हों का प्रत्यारोपण
सीटी स्कैन सुविधा, आईसीयू सुविधा,
आईसीसीयू सुविधा, पीआईसीयू सुविधा,
वेंटीलेटर एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता
मानसिक रोग चिकित्सा
नेत्र रोग चिकित्सा
त्वचा रोग चिकित्सा
टी0बी0 एवं छाती रोग चिकित्सा
नाक, कान, गला रोग चिकित्सा
दन्त रोग चिकित्सा
पैथोलॉजी (सभी जाँचे), ब्लड बैंक सुविधा
एक्सरे सुविधा, अल्ट्रा साउंड सुविधा
अखिलेश मौर्य
मुख्य वित्त अधिकारी
पता : एन0 एच0 27, लखनऊ कानपुर राजमार्ग, निकट टोल प्लाजा,
पो0 : आशाखेड़ा, उन्नाव - 209859, संपर्क सूत्र : 0515-3510001